* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

11 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 322

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नयी वंदे भारत ने बुलेट ट्रेन का रिकार्ड तोड़ा:52 सेकेंड में 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ी, अहमदाबाद से मुंबई 5 घंटे में पहुंची







## अंतर्राष्ट्रीय प्रख्यात कथा वाचिका

# पूज्या जया किशोरी जी लोहरदगा में

## ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कथा वाचिका जया किशोरी जी ने बताया कि भागवत की कथा हमें जीवन जीना सिखाती हैं। श्रीमदभागवत कथा श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक और आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ और मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते थे। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन के व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय और मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन अर्थात कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी।





जया किशोरी का अभिवादन करते सांसद धीरज प्रसाद साहू

## श्रीमद् भागवत कथा

### पूज्या जया किशोरी जी

के द्वारा लोहरदगा के कॉलेज रोड, बरवाटोली स्थित ललित नारायण स्टेडियम में 5 से 11 सितम्बर 2022 तक (सात दिन) अपराह्न 3:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक



कथा का श्रवण करते साहू परिवार की महिलाएं



कथा का आनंद लेते हुए लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह



कथावाचक पूज्य जया किशोरी का भव्य स्वागत करती युवतियां



श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू व उनके बड़े भाई उदय शंकर प्रसाद



कथा का श्रवण करते हुए धीरज साहू, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं डॉ. रामेश्वर उरांव



भगवान कृष्ण और भ्राता बलराम की आरती उतारते साहू परिवार के लोग



हर्षित साहू पत्नी के साथ भगवान कृष्ण को गोद में लिए हुए

### भक्तों और श्रद्धालुओं के रंग श्रीमद् भागवत कथा के संग

आइए : - आप भी सपरिवार अमृत कथा श्रीमद् भागवत का श्रवण करें। उमड़ रहा है भक्तों का जनसैलाब। फिर आप क्यों दूर हैं, आप भी हजारों हजार की संख्या में पहुंच कर कथा का अमृतपान करें एवं अपने जीवन को करें धन्य-धन्य।



श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते अतिथि और श्रद्धालु



कथा के दौरान वामन अवतार की आरती उतारते हर्षित साहू एवं अन्य

### समुचित व्यवस्था

कथा स्थल पर महिलाओं के बैठने और शौचालय की समुचित व्यवस्था, सभी के लिए पेयजल सुविधा, धार्मिक माहौल और सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था

## आयोजनकर्ता

# साहू परिवार लोहरदगा एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



## दलबदल विरोधी मामला : बढ़ रही है चुनाव नतीजों को चुनौती देने की बीमारी

# झारखंड को बदनाम करती है चुनाव मैदान के बाहर की राजनीति

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश के राजनीतिक मानचित्र पर 28वें राज्य के रूप में 15 नवंबर, 2000 को उभरे झारखंड ने अपने 22 साल की जीवन यात्रा में कई ऐसे मुकाम हासिल किये हैं, जिनके लिए दूसरे राज्य तरसते हैं। लेकिन झारखंड ने एक ऐसा रिकॉर्ड भी बनाया है, जो अक्सर इसकी बदनामी का कारण बन जाता है। यह रिकॉर्ड है चुनाव मैदान से बाहर की राजनीति का। आम तौर पर माना जाता है कि चुनाव हारने के बाद हारनेवाला उम्मीदवार अपनी हार स्वीकार कर अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाता है, लेकिन झारखंड में हारनेवाला उम्मीदवार जीतनेवाले को कानूनी विवादों में ऐसा घेरता है कि पूरे कार्यकाल तक उस पर तलवार ही लटकती रहती है। 2005 में पांकी के विदेश सिंह का मामला आपको याद होगा, जब हाइकोर्ट ने चार साल और 11 महीने तक सुनवाई के बाद मधु सिंह के चुनाव को रद्द कर दिया था और विदेश सिंह को महज एक महीने के लिए विधायक घोषित किया था। हालांकि विदेश सिंह विधायक पद की शपथ नहीं ले सके थे, क्योंकि मधु सिंह सुप्रीम कोर्ट चले गये थे और फिर दूसरी विधानसभा का कार्यकाल ही समाप्त हो गया था। खैर, यह तो कानूनी मामला था। झारखंड में दलबदल विरोधी मामला तो और भी दिलचस्प है। यहां की कोई भी विधानसभा का कार्यकाल दलबदल विरोधी मामले के बिना खत्म नहीं हुआ है। यह अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। इन कानूनी विवादों का परिणाम यह होता है कि निर्वाचित विधायक राज्यहित में काम करने की बजाय अपनी सारी ऊर्जा और संसाधन अपनी सदस्यता बचाने में ही लगा देता है। इससे जहां उसकी लोकप्रियता पर असर पड़ता है, वहीं उसे बेवजह संदेह के घेरे में रहना पड़ता है। झारखंड में इस बीमारी के कारणों और उसके कारण पैदा हो रही समस्याओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में चल रहे सियासी संकट के बीच लगातार विधायकों पर ही संकट के बादल गहराने लगे हैं। हालत यह है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधायकी पर तलवार लटक रही है, तो उनके भाई और झामुमो के दुमका से विधायक बसंत सोरेन की विधायकी पर भी संकट बताया जा रहा है।

इस बीच सत्ता पक्ष के ही विधायक और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी संकट में हैं और उनकी विधानसभा सदस्यता खतरे में है। यही नहीं, प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और कांके से विधायक समरीलाल की सदस्यता भी खत्म हो सकती है। इसके अलावा कांग्रेस के निलंबित विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप भी सदस्यता गंवाने की जद में आ सकते हैं। अभी-अभी झामुमो की विधायक सीता सोरेन के मामले को भी समरीलाल की तर्ज पर उठाने की बात भाजपा के नेता कर रहे हैं। कह रहे हैं कि वह तो ओड़िशा की हैं। इसे छोड़ भी दें तो अभी तक कुल 10 विधायकों का मामला इस समय चुनाव आयोग और झारखंड विधानसभा अध्यक्ष न्यायाधिकरण में विचाराधीन है। इंतजार केवल इतना है कि कब किसकी बारी आती है। आठ विधायकों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर खनन लीज लेने का मामला है, जिसको लेकर निर्वाचन आयोग ने फैसला ले लिया है और कभी भी फैसला आ सकता है। वहीं बसंत सोरेन को लेकर भी निर्वाचन आयोग ने फैसला ले लिया है, लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। मिथिलेश कुमार ठाकुर पर भी चुनाव आयोग फैसला ले सकता है। उन पर भी गंभीर आरोप हैं और उनके खिलाफ भी चुनाव आयोग को शिकायत मिली हुई है। कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी दलबदल करने को लेकर पैसा लेने के मामले में दोषी पाये गये हैं और इसकी शिकायत झारखंड विधानसभा के न्यायाधिकरण में है। यहीं नहीं, झारखंड के दो विधायक बंधु तिर्की और प्रदीप यादव को लेकर भी सुनवाई हो रही है, जो न्यायाधिकरण में लंबित है। हालांकि बंधु तिर्की की सदस्यता भ्रष्टाचार के मामले में चली गयी है। अब वह विधायक नहीं हैं। दलबदल के मामले में बाबूलाल मरांडी पर झारखंड विधानसभा के न्यायाधिकरण में सुनवाई पूरी हो चुकी है, जिसको लेकर फैसला कभी भी संभव है। भाजपा विधायक समरीलाल पर जाति प्रमाण पत्र गलत तथ्य जमा करने का आरोप है, कहा जा रहा है कि वह राजस्थान से हैं और इस कारण झारखंड में उन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिल सकता, जिस कारण उनकी विधायकी पर भी तलवार लटकी हुई है। कुल मिलाकर झारखंड की पांचवीं विधानसभा के 10 विधायकों पर संकट के बादल हैं।



### दलबदल की लंबी है लिस्ट

यह एक नया रिकॉर्ड है कि एक ही सदन के इतने विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक रही है। लेकिन यह जानना दिलचस्प है कि झारखंड विधानसभा का अब तक का इतिहास ही दलबदल के लिए यादगार है। खास कर राज्य की चौथी विधानसभा की शुरुआत ही दलबदल से शुरू हुई और इसका समापन भी दलबदल से हुआ।

झाविमो के आठ में से छह विधायक दल बदल कर 2015 की शुरुआत में भाजपा में शामिल कराये गये। सातवें विधायक प्रकाश राम 2019 के अक्टूबर महीने में भाजपा में शामिल हुए। उसी महीने कांग्रेस से सुखदेव भगत और मनोज यादव, झामुमो से जेपी भाई पटेल और कुणाल षाड़ंगी तथा नौजवान संघर्ष मोर्चा के भानु प्रताप शाही भाजपा में शामिल हो गये। कुल मिला कर देखें तो चौथी विधानसभा में 14 विधायकों ने दल बदले। झाविमो के आठ में छह विधायकों का मामला स्पीकर के न्यायाधिकरण में लंबी सुनवाई के बाद निबटा। स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया।

### पहली विधानसभा में चार ने बदले दल, तीन की सदस्यता गयी

विधायकों के दलबदल का झारखंड में साल दर साल रिकार्ड बनता रहा है। झारखंड की पहली विधानसभा (2000 से 2005) के बीच चार विधायकों ने दलबदल किया था। जदयू के मधु सिंह, लालचंद महतो, रामचंद्र केसरी और बच्चा सिंह ने चुनाव के ठीक पहले सार्वजनिक सभा में राजद की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह ने स्वतः संज्ञान लेकर सभी चारों विधायकों को नोटिस भेजा। इसी बीच एक विधायक बच्चा सिंह ने 31 दिसंबर 2004 को अपनी विधायकी से इस्तीफा दे दिया। शेष तीन विधायकों के खिलाफ स्पीकर के न्यायाधिकरण में सुनवाई चली। अंततः 4 जनवरी 2005 को उनकी सदस्यता खारिज कर दी गयी।

### दूसरी विधानसभा में 12 सदस्यों ने बदले दल, छह की सदस्यता गयी

झारखंड की दूसरी विधानसभा में 12 सदस्यों ने दलबदल किया था। इनमें से तीन सदस्यों ने सुनवाई के दौरान ही इस्तीफा दे दिया था, शेष नौ की सुनवाई के बाद सदस्यता खारिज हो गयी। इनमें झामुमो के स्टीफन मरांडी, भाजपा छोड़ झाविमो में शामिल होनेवाले प्रदीप यादव, विष्णु प्रसाद भैया, रवींद्र कुमार राय, मनोहर कुमार टेकरीवाल, कुंती देवी में से प्रदीप यादव और विष्णु भैया ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था। शेष विधायकों रवींद्र कुमार राय, मनोहर टेकरीवाल, कुंती देवी की सदस्यता खारिज हो गयी। झापा के एनोस एक्का, एनसीपी के कमलेश कुमार सिंह, अखिल भारतीय फॉरवर्ड के भानु प्रताप शाही और कांग्रेस छोड़ राजद में शामिल थॉमस हंसदा की सदस्यता खत्म हो गयी। स्टीफन मरांडी के खिलाफ दो मामले चले, जिनमें 2006 में उनके खिलाफ दायर याचिका खारिज हो गयी थी, जबकि 2009 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इनके अलावा बंधु तिर्की, सुदेश महतो के खिलाफ दायर याचिका खारिज हो गयी थी।

### तीसरी विधानसभा में छह विधायकों ने बदले दल

झारखंड की तीसरी विधानसभा(2009 से 2014) में छह विधायकों ने दल बदले थे। ये सभी विधायक झाविमो के थे। निजामुद्दीन अंसारी झाविमो छोड़ झामुमो में चले गये थे, जिन्होंने कार्रवाई शुरू होते ही इस्तीफा दे दिया। इनके अलावा समरेश सिंह, निर्भय कुमार शाहाबादी, जयप्रकाश सिंह भोक्ता और फूलचंद मंडल भी सुनवाई शुरू होने के बाद विधायकी से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो के साइमन मरांडी झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हो गये थे। उन्होंने भी आखिर में इस्तीफा दे दिया।

### लगातार बढ़ रही यह बीमारी

झारखंड में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कानूनी विवादों में लपेटने की बीमारी लगातार बढ़ रही है। अब समरीलाल का ही मामला लें। वह एकीकृत बिहार के समय से चुनाव लड़ते रहे हैं और 2019 में भाजपा के टिकट पर पहली बार जीते। इससे पहले कभी उनके जाति प्रमाण पत्र पर विवाद नहीं हुआ, जबकि लगभग सभी दलों ने उन्हें टिक्ट दिया। वह जब चुनाव जीत गये, तब यह मुद्दा उठाया गया। इसी तरह झामुमो की सीता सोरेन के मामले को उठाया जा रहा है। उन्हें झारखंड से बाहर का बता कर उनके चुनाव की वैधता को चुनौती देने की तैयारी है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि कानूनी प्रावधानों के अनुरूप ही चुनाव होना चाहिए, लेकिन एक बार चुनाव जीत लेने के बाद उस प्रतिनिधि को विवादों में लपेटने का खामियाजा आम जनता और अंततः पूरा राज्य ही भुगतता है। चुना गया प्रतिनिधि अपना काम ठीक से नहीं कर पाता। झारखंड को इससे निजात दिलाने की जरूरत है।

दूसरी बात यह कि ऐसे विवादों का निबटारा जल्द हो और उन्हें अनावश्यक लंबा न खींचा जाये, इस तरह की व्यवस्था बनायी जाये। स्पीकर का न्यायाधिकरण अक्सर इस कारण विवादों में घिरा रहता है, जिससे पूरी विधायिका की गरिमा पर सवाल खड़े होते हैं। इससे अंततः राज्य की ही बदनामी होती है। इन मामलों की सुनवाई से स्पीकर की प्रतिष्ठा पर भी आंच आती है। जिनके खिलाफ सुनवाई होती है, वे विधायक उनकी विश्वसनीयता पर ही सवाल उठाते रहते हैं।

---

## तुष्टिकरण नीति का विरोध करेगी पार्टी

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनायेगी भाजपा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनायेगी। भाजपा का राजनीतिक उद्देश्य देश वासियों की सेवा है। हमारा अंतिम लक्ष्य समाज परिवर्तन से राष्ट्र पुनर्निर्माण, भारत को आत्मनिर्भर और वैभवशाली बनाना है। बैठक में विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद पीएन सिंह, बीडी राम, संजय सेठ, सुदर्शन भगत, सुनील सोरेन विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विभाग, प्रकोष्ठ, प्रकल्प के संयोजक एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से जुड़े जिलों के कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

### ऐसे मनाया जायेगा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

दीपक प्रकाश ने कहा कि पार्टी ने जिला स्तर, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यक्रमों की रचना की है। इसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, दिव्यांग जन के लिए कृत्रिम अंग वितरण, टीबी रोग से ग्रसित लोगों के लिए दवाइयों की व्यवस्था एवं एक-एक टीबी मरीज की पूरे वर्ष देखभाल की जिम्मेवारी, कोविड टीकाकरण का विस्तृत अभियान, पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पार्टी कार्यकर्ता जल ही जीवन अभियान के तहत लोगों को पानी बचाने का आग्रह करेंगे। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत जल स्रोतों, नदी सरोवर, तालाबों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, धार्मिक स्थलों की सफाई का कार्यक्रम भी होगा। इसके साथ-साथ एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में फूड फेस्ट का भी आयोजन होगा। सभी जिलों में मोदी एट 20 संग्रहणीय पुस्तक का विमोचन होगा। पुस्तक के स्टॉल भी लगाये जायेंगे जिसे आम लोग खरीद सकते हैं। जिलों में प्रबुद्ध जनों का सम्मेलन भी आयोजित होंगे। सभी जिलों के स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम चलाया जायेगा। लाखों घरों से मोदी के जन्मदिन पर पोस्टकार्ड में शुभकामना संदेश लिखकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए ईश्वर से कामना की जायेगी। श्री प्रकाश ने कहा कि पार्टी राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण प्रदेश की ध्वस्त विधि व्यवस्था से भी चिंतित है। पार्टी इसका लगातार विरोध करेगी। बैठक में नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह ने भी अपने विचार रखे।

---

# सीएम हेमंत से मिलीं शिल्पी नेहा तिर्की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जनजातीय परामर्शदात्री परिषद,(ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल) का सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और धन्यवाद दिया। इस मौके पर उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए नये कॉलेज खोले जाने तथा सड़कों की मरम्मत और नयी सड़क निर्माण की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में जल्द सकारात्मक पहल की जायेगी।

**टीएसी सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार**

# 14 सितंबर को कैबिनेट की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 14 सितंबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम 4:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। कैबिनेट की बैठक में 1932 खतियान लागू करने पर भी बात हो सकती है। इसके अलावा और भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे।

**1932 खतियान लागू करने पर हो सकता है विचार-विमर्श**

---

## 30 जून से ही लापता था भाई

# पतरातू में बड़ी बहन ने भाई की हत्या कर शव को घर में दफनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र में एक बहन द्वारा अपने भाई की हत्या कर शव जमीन में दफनाने का मामला सामने आया है। हालांकि यह मामला लगभग ढाई महीना पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिला के पतरातू थाना क्षेत्र के पंच मंदिर पंचायत के पथ संख्या 33 आवास संख्या एफ -235 के अंदर एक युवक का शव पिछले ढाई महीने से दफनाया हुआ पाया गया है।

जानकारी के अनुसार पतरातू के ग्राम बरतुआ निवासी नरेश महतो का पुत्र रोहित कुमार 21 वर्ष बीते 30 जून से लापता था। इस संबंध में नरेश महतो ने बताया कि उसका बेटा रोहित कुमार 24 जून को अपने ममेरे भाई दिलीप महतो जो रांची चुटिया का रहने वाला है। उसके घर रहने गया था।

30 जून को नरेश महतो की बेटी चंचल कुमारी ने अपने भाई को फोन कर घर आने को कहा, जिसके बाद चंचल कुमारी ने रोहित को रांची चांदनी चौक बस स्टैंड से रिसीव कर रामगढ़ ले गयी। नरेश महतो के अनुसार चंचल कुमारी ने अपने भाई की हत्या कर शव को घर में दफन कर दिया था। जानकारी के बाद चुटिया पुलिस शनिवार को पतरातू थाना पहुंची, जहां युवती से पूछताछ की गयी। इस संबंध में कुछ ग्रामीणों का कहना है कि लड़की किसी से प्यार करती थी, जिसकी जानकारी उसके भाई को हो गयी थी, इसलिए उसकी हत्या में उसकी बहन की संलिप्तता हो सकती है। घटना की जानकारी होने पर एसडीपीओ डॉक्टर वीरेंद्र चौधरी, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार सहित सशस्त्र बल पहुंच कर घटना की जांच कर रही है।

**हत्या के ढाई महीने बाद खुला राज, पतरातू में घर में अकेले रह रही थी युवती**

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

11 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 322



करतारपुर साहिब में पहली बार मिले भाई और बहन : बंटवारे में पाकिस्तान चला गया था मुस्लिम परिवार

SURJABASHA




## जेपीएससी की अध्यक्ष होंगी मैरी नीलिमा केरकेट्टा

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की रिटायर अधिकारी मैरी नीलिमा केरकेट्टा को झारखंड लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मैरी नीलिमा केरकेट्टा, सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक सेवा को झारखंड लोक सेवा आयोग के रिक्त अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की कार्रवाई करने का आदेश राज्य सरकार ने दिया है।

### मुख्यमंत्री ने एक बार फिर विपक्ष पर साधा निशाना

# सरकार गिराने का प्रयास कर रही है भाजपा : हेमंत

- बड़े भाई दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि
- पिता शिबू सोरेन भी मौके पर थे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर विपक्ष पर निशाना साधा है। मौका था दुर्गा सोरेन की जयंती का। मुख्यमंत्री शनिवार को झामुमो नेता ओर अपने भाई दुर्गा सोरेन की 54वीं जयंती पर लोआडीह में श्रद्धांजलि देने आये थे। श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। हेमंत सोरेन के कहा कि भाजपा येन-केन प्रकारेण सरकार को गिराने का षड्यंत्र रच रही है। हर तरह के हथकंडे अपना रही है। इस मौके पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन समेत झामुमो के अन्य नेता मौजूद थे।

**दशोम गुरु को भी फंसाने की कोशिशः** मुख्यमंत्री ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि मेरी बात छोड़िये, 80-84 साल के दिशोम गुरु को भी फंसाने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता के साथ हमारी सरकार भाजपा की हर साजिश को बेनकाब कर देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की जनता को बेहतर सेवा देने के लिए प्रयासरत है, जिससे विपक्षी भाजपा को परेशानी हो रही है। इस सबसे हमारी सरकार रूकने वाली नहीं है। कोरोना संक्रमण काल से निकलते हुए हमारी सरकार ने राज्य में सकारात्मक माहौल बनाने का काम किया है। हमारी सरकार निरंतर जन आकांक्षाओं और जनहित के कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

**आंदोलन और संघर्ष की उपज है झारखंडः** मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में यहां के वीर सपूत निर्मल महतो, बिनोद बिहारी महतो सहित हजारों आदिवासी- मूल वासियों ने अहम भूमिका निभायी। इन महान विभूतियों ने जल, जंगल, जमीन एवं अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना को पूरा करने का काम कर दिखाया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। अलग राज्य के लंबे संघर्ष में कई अगुआ साथी, मार्गदर्शक, पिता तुल्य एवं बड़े भाई समान वीर शहीदों ने अपना घर-द्वार छोड़कर इस राज्य के लिए सर्वस्व समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि झारखंड के जनमानस के बीच से जितने आंदोलनकारी निकल कर आये हैं तथा उन्होंने जिस तरह अपने आप को इस राज्य के लिए समर्पित किया है, यह हर किसी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

**अलग झारखंड के लिए बड़े भाई ने सब कुछ न्योछावर कर दियाः** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें हर कोई याद कर रहा है। बड़े भाई दुर्गा सोरेन ने अपना जीवन राज्य एवं संगठन को समर्पित किया था। उनके बताये रास्ते पर चलते हुए हम सभी को राज्य और संगठन को मजबूत और आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप सभी राज्य सरकार की भावी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सरकार का सहयोग करें।



### जल, जंगल, जमीन को बचाना है: शिबू

राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने कहा कि आज हम अपने वीर शहीदों को याद कर रहे हैं। उन्होंने यहां की प्राकृतिक संपदा तथा जल, जंगल, जमीन को बचाने का काम किया है। आने वाली पीढ़ी भी झारखंड के जल,जंगल, जमीन बचाने का प्रयास करे, इसी में सभी की भलाई है। रांची के लोआडीह स्थित दुर्गा सोरेन चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में शिबू सोरेन, दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी विधायक सीता सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत पार्टी के नेता व कार्यकता शामिल हुए। सभी ने दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### शहीद अब्दुल हमीद को किया नमन

स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।

### कोलकाता में ट्रांसपोर्ट कारोबारी के घर इडी का छापा

# 17 करोड़ से अधिक की नकदी बरामद

- बेड के नीचे प्लास्टिक पैकेट में पैक कर बैग में रखे गये थे रुपये
- मोबाइल गेम ऐप से ठगी के मामले में इडी का 6 ठिकानों पर छापा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** शिक्षक घोटाला, पशु तस्करी और कोयला घोटाला मामले में सीबीआइ के अलावा बंगाल में भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) का एक्शन भी जारी है। इसी क्रम में मोबाइल गेम ऐप के माध्यम से ठगी और मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में इडी ने शनिवार को कोलकाता में सुबह से छह जगहों पर घंटों छापामारी अभियान चलाया। इसी छापामारी के तहत गार्डेनरीच इलाके में निसार खान नामक ट्रांसपोर्ट कारोबारी के घर से नोटों का पहाड़ मिला है। इडी सूत्रों के मुताबिक, अब तक की गिनती में 17 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए हैं। उनके बेटे आमिर खान पर मोबाइल गेम ऐप के जरिए ठगी का आरोप है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कारोबारी के मकान की पहली मंजिल पर एक घर में पलंग के नीचे प्लास्टिक पैकेट में पैक कर बैग में ये रुपये रखे गये थे। मौके से 500 और 2000 रुपये के बड़ी संख्या में नोटों के बंडल मिले हैं। इडी के अनुसार नोटों की मात्रा इतनी है कि रुपये गिनने के लिए बैंक से नौ मशीनें मंगायी गयीं। सुबह 10 बजे से ही नोटों की गिनती चल रही है। मोबाइल गेम ऐप के माध्यम से ठगी के मामले में यह कार्रवाई की गयी है। इस मामले में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत गार्डेनरीच के अलावा पार्क स्ट्रीट, मैकलियोड स्ट्रीट और मोमिनपुर में कुल छह जगहों पर इडी ने घंटों तलाशी अभियान चलाया।

**फेडरल बैंक ने दर्ज करायी थी शिकायतः** आरोप के अनुसार, इस मामले में फेडरल बैंक द्वारा महानगर के बैंकशाल अदालत में दायर शिकायत के आधार पर मुख्य दंडाधिकारी के निर्देश पर मुख्य आरोपित आमिर खान और अन्य के खिलाफ कोलकाता पुलिस द्वारा पार्क स्ट्रीट थाने में आइपीसी की धारा 420, 406, 409, 468, 469, 471 व 34 के तहत पिछले साल 15 फरवरी 2021 को मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि आमिर खान, पुत्र- निसार अहमद खान ने ई-नगेट्स नामक एक मोबाइल गेमिंग ऐप लांच किया, जिसे जनता को धोखा देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया था। प्रारंभिक अवधि के दौरान उपयोगकर्ताओं को कमीशन के साथ पुरस्कृत किया गया था और वालेट में शेष राशि को बिना किसी झंझट के निकालने की अनुमति थी। शुरुआत में विश्वास जीतने के बाद और अधिक कमीशन का लालच दिया, जिससे बड़ी मात्रा में उपयोगकर्ताओं ने निवेश किया। आरोप है कि लोगों से अच्छी खासी रकम वसूल करने के बाद अचानक ही उक्त ऐप से सिस्टम अपग्रेडेशन, एलइए द्वारा जांच आदि का बहाना बनाकर निकासी रोक दी गयी। इसके बाद प्रोफाइल जानकारी सहित सभी डेटा को भी उक्त ऐप के सर्वर से हटा दिया गया। उसके बाद उपयोगकर्ताओं को चाल समझ में आ गयी। जांच में इडी को पता चला है कि उक्त संस्थाएं नकली खातों का उपयोग कर रही थीं।

### ओझा के कहने पर मार डाली गयी थीं तीन महिलाएं

# मां को घसीट कर लाया बेटा और कहा था : मां इच्छाधारी नागिन है

- ओझा सुखराम मुंडा ने बताया था गांव में है इच्छाधारी नागिन

अजय शर्मा

**रांची।** हम जो कुछ आपको बताने जा रहे हैं, उस पर आप तुरंत यकीन नहीं कर सकते, लेकिन चौंक जरूर जायेंगे। एकबारगी आपको इस खबर पर भरोसा भी नहीं होगा, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस की पड़ताल आगे बढ़ रही है, उसके खुलासे बड़े ही चौंकाऊं और सोचने को विवश कर रही है कि आखिर हम और हमारा समाज आज कहां खड़ा है। विज्ञान के इस दौर में अंधविश्वास इस कदर हावी है कि लोग पंचायत लगाकर गांव में ही तीन महिलाओं की हत्या कर देते हैं। वह भी कोई बाहरी नहीं, खुद का बेटा, चाचा-भतीजा, पति। हम बात कर रहे हैं रांची जिला के सोनाहातू थाना क्षेत्र के रागाड़ी गांव की घटना की, जहां तीन बुजुर्ग महिलाओं की हत्या कर दी गयी थी।

**क्या है मामला :** गांव के 18 वर्षीय राम सकल सिंह मुंडा को सांप ने काट लिया। गांव के लोग इलाज कराने के लिए अस्पताल ले जाने की बजाय उसे ओझा सुखराज सिंह मुंडा के पास ले गये। कुछ लोग कहते हैं, सुखराज ने कहा कि जहर इतना फैल गया था कि बच्चे को नहीं बचाया गया। उसने गांव वालों को बताया कि गांव में कुछ गड़बड़ चल रहा है। कुछ महिलाएं इच्छाधारी नागिन बन गयी हैं, तो कुछ डायन। उसने यह भी बताया कि अगर उन महिलाओं को कुछ नहीं किया गया, तो क्रमवार गांव के सभी बच्चों को वे डंस लेंगी। गांव के लोगों ने इस पर भरोसा नहीं किया, लेकिन ओझा की बात पर उस समय मुहर लग गयी, जब अगले दिन 4 सितंबर को गांव का ही 19 वर्षीय युवक ललित सिंह मुंडा कहने लगा कि उसे सांप ने काट लिया है। वह अभिमन्यु सिंह मुंडा का पुत्र है। उसे भी ओझा के पास ले जाया गया। फिर क्या था। ओझा को मौका मिल गया और गांव वालों को बहका दिया। लड़के को सांप ने काटा या नहीं, जहर फैला या नहीं, किसी को नहीं पता।



**मां की ओर इशारा किया था ललित सिंह मुंडा ने :** ललित सिंह मुंडा ने गांव वालों के सामने अपनी खुद की मां राढोली देवी की ओर इशारा किया और आरोप लगाया कि यह सब कुछ इसके कारण हुआ। फिर क्या था। गांव के लोग उसे घसीटते हुए थोड़ी दूर लेकर गये। कुछ देर बाद आलो मनी देवी और ढोला देवी को भी पकड़ कर लाया गया और क्रमवार तीनों की हत्या कर दी गयी। इस हत्याकांड को महिलाओं के अपनों ने ही अंजाम दिया और शवों को दूसरे थाना क्षेत्र में फेंक दिया। पुलिस को तीन-चार दिन बाद इस घटना की जानकारी मिली। तब शवों को बरामद किया गया। गांव वालों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और इस मामले में करीब डेढ़ दर्जन लोग गिरफ्तार किये गये हैं।

### ओझा भी गिरफ्तार

पुलिस ने बिना देर किये सुखराज सिंह मुंडा उर्फ सुखराम, जो ओझा-गुनी का काम करता है, को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही इस मामले में मुख्य आरोपी ललित मुंडा से रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने पूछताछ भी की है।

### जांच जारी है ग्रामीण एसपी

इस पूरे मामले पर ग्रामीण एसपी नौशाद आलम कहते हैं कि घटना ओझा-गुनी के कारण हुई है। गांव में पहले एक बच्चे को सांप ने काट लिया था। उसे अस्पताल ले जाने की बजाय गांव वाले ओझा के पास ले गये थे और उसकी मृत्यु हो गयी थी। उसके अगले दिन एक अन्य बच्चे ने कहा कि उसे भी सांप ने काट लिया है और उसी ने यह इशारा किया था कि इसके पीछे उसकी मां का हाथ है। इसके बाद गांव के लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया था।

# रिसर्च-इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनेगा भारत : मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांइस कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन
- जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के बाद जय अनुसंधान का दिया नारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में शनिवार को सेंटर-स्टेट साइंस कॉन्क्लेव का वर्चुअली उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब ज्ञान-विज्ञान से हमारा परिचय होता है, तब संसार के सभी संकटों से मुक्ति का रास्ता अपने आप खुल जाता है। सॉल्यूशन और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में भारत को रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए हमें एक साथ अनेक मोर्चों पर काम करना है। अपनी साइंस और टेक्नॉलॉजी से जुड़ी रिसर्च को हमें लोकल स्तर पर लेकर जाना है। प्रधानमंत्री के मुताबिक भारत की इंडेक्स रैंकिंग में भी सुधार हो रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विज्ञान आधारित विकास की सोच के साथ काम कर रही है। 2014 के बाद से साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निवेश में काफी वृद्धि की गयी है। सरकार के प्रयासों से आज भारत इंटरनेशनल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है, जबकि 2015 में भारत 81 नंबर पर था। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है, जिसमें हर क्षेत्र के विकास को, हर राज्य के विकास को गति देने की सामर्थ्य है। आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है तो उसमें भारत की विज्ञान और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत अहम है।

**दो दिनों तक चलेगा कार्यक्रमः** अहमदाबाद की साइंस सिटी में यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। पीएमओ की ओर से इस बारे में जानकारी साझा की गयी है। बताया गया कि यह कार्यक्रम देश में इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों की दिशा में एक अहम कदम है।

**देशभर के 100 स्टार्टअप्स के सीइओ भी मौजूद रहेः** इस कॉन्क्लेव में गुजरात के मुख्यमंत्री, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री के साथ राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के सचिव, उद्योग जगत के दिग्गज, उद्यमी, गैर-सरकारी संगठन, वैज्ञानिक और छात्र भी मौजूद थे। साथ ही देशभर के 100 से अधिक स्टार्टअप के सीइओ इसमें हिस्सा ले सकते हैं।

**इनोवेशन को बढ़ावा देना है उद्देश्यः** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह का कहना है कि इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय बनाना है, जिससे देश में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के एक सशक्त इको-सिस्टम का निर्माण हो। इस सम्मेलन में एसटीआई विजन 2047 सहित कई अन्य विषयों पर सेशन होंगे। इस सम्मेलन का लक्ष्य 2030 तक अनुसंधान और विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को दोगुना करना है। साथ ही कृषि और किसानों की आय में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप, पीने के पानी के लिए नवाचार करना है। जिससे रोजगार पैदा होंगे और लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, जो देश के विकास और अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है।



### विकास कार्य और आमजनों की विभिन्न सुविधाओं को लेकर डीसी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# पुस्तकालय का व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को दें लाभ : डीसी

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** विभिन्न विकास कार्यों व आम जनों के लिए विभिन्न सुविधाओं को लेकर शनिवार को डीसी माधवी मिश्रा ने शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान डीसी ने गांधी घाट के समीप विद्युत शवदाह गृह, रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समीप डीएमएफटी मद से निर्मित पुस्तकालय, बाजार टांड़ के समीप निमार्णाधीन सिद्धू-कान्हू स्टेडियम, छत्तरमांडू स्थित इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल व कम्युनिटी पार्क का निरीक्षण किया।

**विद्युत शवदाह गृह के संचालन को डीसी ने ली जानकारी**

विद्युत शवदाह गृह के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने शवदाह गृह के संचालन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विद्युत शवदाह गृह में निर्बाध रूप से विद्युत सप्लाई, जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

**ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का निर्देश**

रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समीप डीएमएफटी मद से निर्मित पुस्तकालय के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को मिल रहे हैं लाभ की जानकारी ली। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों व अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर



परिषद मो जावेद हुसैन को पुस्तकालय के सफल संचालन के लिए समिति का गठन करने व व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

**समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश**

बाजार टांड़ स्थित निमार्णाधीन सिद्धू-कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए डीसी ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया। मौके पर डीसी ने संवेदक को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया।

**इनडोर स्टेडियम का डीसी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश**

छत्तरमांडू स्थित इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए डीसी ने बैडमिंटन कोर्ट, जिम, अन्य खेल उपकरणों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर डीसी ने मेंबर शिप शुल्क निर्धारित करने व प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर ज्यादा से ज्यादा जिले वासियों को इनडोर स्टेडियम के माध्यम से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वही, स्विमिंग पूल के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने हुए निर्माण कार्यों वह उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

**निर्माणाधीन कम्युनिटी पार्क का डीसी ने किया निरीक्षण**

निमार्णाधीन कम्युनिटी पार्क में अब तक हुए कार्यों का जायजा लेते हुए डीसी ने संवेदक को तीव्र गति से कार्य करने, डीएमएफटी टीम को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने व जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**निरीक्षण के दौरान ये थे शामिल**

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरसाती बीमारियों से बचने के लिए कुआं का पानी उबाल कर पीयें: मनोज महतो

**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** छतरमांडू के बुढ़िया मन्दिर प्रांगण के सभी पेयजल कुंओ में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के कुओ में ब्लीचिंग का छिड़काव किया जा रहा है। ताकि लोगों को बारिश में होने वाले बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में कई तरह की बीमारी फैलती हैं,इसलिए कुंआ में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डालना एवं नाली में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करना अत्यंय जरूरी हैं तथा बरसाती पानी को घर घर में उबालकर ही सेवन करें ताकि पानी की वजह से किसी प्रकार की शरीर में बीमारी उत्पन्न ना हो सके और पास पड़ोस गंदगी न फैलने दें बीमारी से ग्रसित होने से बचें। मौके पर प्रदीप कुशवाह,कैलाश ठाकुर,पवन सिंह,संदीप कुमार,पवन कुमार,सुनील कुशवाहा,गोविंद कुमार,प्रमोद कुमार,विक्की कुमार,विकाश कुमार,आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## विज्ञान संकाय में अदिति चौधरी को मिला 96.6 प्रतिशत अंक, डीपीएस में शिक्षा सचिव ने किया सम्मानित



**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के विवेकानंद ऑडिटोरियम मे अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा मौजूद थे। इस दौरान सीबीएसई वर्ष 2022 के 12वी बोर्ड के विज्ञान संकाय में 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की भतीजी और समाजसेवी ज्योति कुमार चौधरी की बेटी अदिति चौधरी को डीपीएस के प्राचार्या डॉ राम सिंह के उपस्थिति में समारोह के मुख्य अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि इस अवसर पर अदिति चौधरी के अनुपस्थिति में उनके पिता ज्योति कुमार चौधरी ने समारोह के मुख्य अतिथि से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए। सम्मन पाकर अदिति चौधरी के पिता ज्योति कुमार चौधरी ने कहा कि मेरे लिए काफी गौरव का पल हैं। मेरी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। आज काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

## एसएससी कोचिंग में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कोचिंग सेंटर में शनिवार को गुरू और शिष्य के आस्था का पर्व शिक्षक दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह एवं कोचिंग के शिक्षकों द्वारा संयुक्त रुप से डॉ. महान शिक्षाविद् और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। दीप प्रज्वलन के बाद केक काटकर टीचर्स डे सेलिब्रेट किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान कोचिंग के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है जो भारत के पहले उपराष्ट्रपति रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन भारत में ना केवल राष्ट्रपति के तौर पर काम किये, बल्कि यह एक विद्वान दार्शनिक और भारत रत्न से भी सम्मानित हुए। डॉ. राधाकृष्णन ने दर्शनशास्त्र में मास्टर की डिग्री हासिल की और 1917 में द फिलॉसफी ऑफ रविंद्र नाथ टैगोर नामक पुस्तक लिखी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन 1939 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बीएचयू में वाइस चांसलर के रूप में भी काम किया। मौके पर प्रतियोगी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को उपहार भेंटकर सम्मानित करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, अमित प्रकाश, मुकेश कुमार, रामपूजन, अनुष्का, अंशु, जयश्री गोस्वामी, निधि सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में माधुरी कुमारी, तनवी, नीतू, अभिजीत, राजू, रंजन, अंजली, आरोही, विशाखा, अंजना, संजना, उर्मिला, नमिता मिश्रा आदि छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## रामगढ़ के उत्कृष्ट शिक्षक बने सरफराज आलम



**चितरपुर(आजाद सिपाही)।** चितरपुर निवासी सह मध्य विद्यालय लारी के प्राचार्य डॉ सरफराज आलम को पुनः रामगढ़ जिला में उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रामगढ़ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी खुशबू कुमारी के द्वारा दिया गया। इस दौरान शिक्षक डॉ सरफराज आलम को शॉल ओढाया गया, साथ ही प्रमाण पत्र और दस हजार रुपये का चेक देकर भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद डॉ सरफराज आलम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए लगातार बेहतर कार्य कर रहा हूँ और आगे भी करता रहूंगा। सभी का प्यार और आशीर्वाद है जो इस वर्ष भी मुझे उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिला है। मौके पर अनिल महतो, सोमनाथ सिन्हा, प्रधानाध्यापक प्रमिला, अनिल पाठक, अमानउल्लाह, मो गालिब, रामचन्द्र पटेल, कामता प्रसाद आदि मौजूद थे।

## वाहन चेकिंग अभियान में वसूला गया 24 हजार जुर्माना

**चितरपुर स्थित आरक्षी शिविर के पास ट्रैफिक पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, 17 दोपहिया वाहनों से वसूला 24,000 जुमार्ना**



**चितरपुर(आजाद सिपाही)।** चितरपुर स्थित आरक्षी शिविर के पास शनिवार को रामगढ़ के ट्रैफिक पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व यातायात पुलिस के एएसआई सिलवानुस तिरु द्वारा किया गया। इस दौरान सड़क से बगैर हेलमेट के गुजरने वाले लोगों की बाइक जब्त करते हुए उनसे जुमार्ना वसूला गया। बगैर हेलमेट के बाइक चलाने वालों का एक हजार का चालान काटा गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 17 दो पहिया वाहनों से 24 हजार रूपए का जुमार्ना वसूला गया। ऑनलाइन तरीके से 04 दोपहिया वाहन से 09 हजार की वसूली की गई। वहीं ऑफलाइन तरीके 13 दोपहिया वाहनों से 15000 की वसूली की गई। मौके पर आरक्षी मुकीम अंसारी, विनय कुमार सहित पैंथर जवान मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ प्रतिभा चयन एवं खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन


**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को विद्या विकास समिति झारखण्ड द्वारा आयोजित विद्या भारती प्रतिभा चयन एवं खोज की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न की गई। इसमें कक्षा चतुर्थ से लेकर दशम तक के कुल 314 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा दो पालियों में एएमआर शीट पर ली गई। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बतलाया कि यह प्रतियोगिता परीक्षा विद्या भारती के विद्यालयों में प्रत्येक सत्र में आयोजित होती है, तथा इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रतिस्पर्द्धात्मक विकास करना है। वही प्रारम्भिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्रा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि मुख्य परीक्षा में सफलता के बाद उन्हें नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। इस दौरान परीक्षा के सफल संचालन में प्रतियोगिता प्रमुख मिथिलेश कुमार खन्ना, परीक्षा प्रमुख इंद्रजीत सिंह, अशोक कुमार सुधांशू, शशिकांत, मनीष कुमार सिंह सहित सभी आचार्य-आचार्यों की प्रमुख भूमिका रही।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल कराटेकारों को ए ला एंगलाइज स्कूल में किया गया सम्मानित



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बिरसा चौक स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सफल हुए तीन कराटेकारों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने छात्र-छात्राओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है, सबों को इसका गुर सिखना खहिए। मौके पर कराटे कोच सेंसाई कंचन दास ने बताया कि पिछले 3 व 4 सितंबर को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 10वां झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में ए ला एंगलाइज स्कूल के तीन बच्चो ने चार मेडल जीता था। विद्यार्थियों ने गोल्ड, सिल्वर और ब्रांउज मेडल जीतकर न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि पूरे रामगढ़ जिला का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में अनमीता कुमारी गोल्ड, मिहिर पासवान सिल्वर व ब्रांउज और श्रृष्टि कुजूर ने गोल्ड मेडल जीता है। मौके पर एसडी सिंह, केके महतो, मोहन लाल बेदिया, गौरव साहू, कृष्णा अम्बष्ठा, मो. मोजबिन, अजीत शर्मा, अनुरा कुमार, सिद्धार्थ मासूम, सुनील साव आदि शिक्षकों ने सफल कराटेकारों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सीएमओआइ कुजू क्षेत्र पदाधिकारियों का चुनाव 23 सितंबर को



**कुजू(आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र में सीएमओआई के पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 23 सितंबर को होगी। जिसको लेकर चुनाव टीम द्वारा तैयारी और खड़े प्रत्याशियों द्वारा अपनी जीत को लेकर चुनाव जनसंपर्क अभियान शुरू कर दी गई है। वही, 10 वर्षों के बाद होने वाले चुनाव को लेकर अधिकारियों में काफी उत्साह दिख रहा है। जिसको लेकर शनिवार को आयोजित सभा में सर्वसम्मति के बाद अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष के लिए राज कुमार (वित विभाग), सचिव के लिए प्रशांत प्रियदर्शी (वित्त प्रबंधक), कोषाध्यक्ष के लिए भारत केसरी व कार्यकारी सदस्य के रूप में अभिनव श्रीवास्तव ने नामांकन दाखिल किया।

## भाजपा रामगढ़ ओबीसी मोर्चा की बैठक



**कुजू(आजाद सिपाही)।** हथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को ओबीसी मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नमेंद्र चंचल व संचालन महामंत्री दासो प्रसाद महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रवास प्रभारी मनोज संघई उपस्थित हुए। इस दौरान पार्टी के संगठनात्मक सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगेश्वर प्रजापति, विजय जयसवाल, सुनील वर्णवाल, बिपीन गुप्ता, घनश्याम महतो, विश्वनाथ महतो, हरिशंकर बिहारी, होटन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## पिंडरा हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना एवं भव्य भंडारा का आयोजन



**कुजू(आजाद सिपाही)।** ओरला पंचायत के पिंडरा एलसीएच कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पूजार्चना के दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी, समाजसेवी ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व मुखिया गुड़िया देवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंडित अजीत कुमार द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना की गयी। साथ ही दयामंति देवी व ज्योतिंद्र प्रसाद द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर खिचड़ी व खीर के रूप में प्रसाद का ग्रहण किया। वहीं, पूजा अर्चना के बाद जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी व समाजसेवी ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने मंदिर के लिए मुख्य द्वार दान के रूप में दी। मौके पर यशवंत कुमार, शंकर सिंह, रोहन प्रसाद, दीपू, भोला, जागेश्वर मुंडा, अभय, दीपक, छोटेलाल, दशरथ, राजेश प्रसाद, प्रेम सागर प्रसाद, मंजू देवी, संध्या देवी, अवन्तिका देवी, पालको देवी, पियासो देवी, सोनी देवी, ईशा, मीना देवी, अजय, अनिल कुमार, देव मरांडी आदि मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर के वर्किंग हॉल में शनिवार को प्रभारी बीडीओ हलधर कुमार सेठी की अध्यक्षता में शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें स्कुली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र स्कुल के माध्यम से बनाया जाना है। इसको लकर शिक्षकों को दिशा निर्देश दिए गए और शिक्षकों का इस काम में आ रही परेशानियों व समस्याओं के विषय में चर्चा की गई। बैठक में पाया गया कि पुरे मसले में जाति प्रमाण पत्र बनाने का चार प्रकार प्रपत्र शिक्षकों को प्राप्त हुआ है। इसमें मात्र एक प्रपत्र सही है और बाकि तीन प्रपत्र की आवश्यकता नहीं है। इस पर बीडीओ ने कहा कि जो भी प्रपत्र सही है। उस प्रपत्र को ही सभी स्कुलों को मुहैया कराया जाए। बाकि समस्याओं को लेकर बीडीओ ने कहा कि वे जिला में सम्बन्धित अधिकारियों से मिलकर समस्या के समाधान के लिए प्रयास करेंगे। मौके पर सैकड़ो की संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल थे।

## लिकेज का कोयला आम्रपाली में नहीं आया तो होगा आदोलन : वाहन संघ



**टंडवा(आजाद सिपाही)।** आम्रपाली कोल परियोजना में संचालित विस्थापित प्रभावित ट्रक हाइवा वाहन मालिक संघ की एक बैठक शनिवार को हुई। बैठक में कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनियो के द्वारा ट्रक के भाड़ा एवं पेपर में अवैध कटौती का तीखा विरोध किया गया। इसके अलावे स निर्णय हुआ कि भाड़ा कम लाने वाले ट्रांसपोर्टरों का किसी भी कीमत पर वाहन मालिक कोयला उठाव नहीं करेंगे। वही भाडा चिट्ठी में ट्रांसपोर्टरों के द्वारा रेट अंकित करना होगा।जिन ट्रांसपोर्टरों के द्वारा भाडा चिट्ठी में रेट अंकित नहीं होगा।उनका कोयला उठाव नहीं किया जायेगा। बैठक के बाद संघ के संयोजक आशुतोष ने बताया कि संघ के विरुद्ध चलने वाले ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन मालिकों का बहिष्कार किया जायेगा। बैठक मे सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगा कि आम्रपाली से लिंकेज का कोयला मगध ट्रांसफर किया गया है उसे अतिशीघ्र आम्रपाली कोल परियोजना में लाया जाये। बैठक मे संघ के सह संयोजक बद्री साहू ने कहा कि लिंकेज का कोयला आम्रपाली में नहीं आने पर आंदोलन होगा। इस मौके बैठक में मुख्य रूप से मुकेश यादव, रितेश चौधरी, संजीव साहू, कुंदन सिंह, गजाधर साहू सत्येंद्र साहू, विनोद मंडल, करणवीर सिंह, शंकर चौधरी, प्रदीप सिंह भोक्ता, शिव कुमार यादव, उज्जवल कुमार, शिवकुमार तथा विष्णु साव समेत कई वाहन मालिक शामिल थे।


## गर्भवती महिलाओं के बीच पोषक आहार किया वितरित

**रोस्टर से जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषक तत्व से भरपूर का किया जा रहा वितरण**



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा सेविका सहायिका के माध्यम से जिले के लावालौंग प्रखंड के कई पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुपोषण से बचाव हेतु पोषक तत्व से भरपूर मीठी दलिया एवं नमकीन दलिया का वितरण धात्री महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं के बीच किया गया। बच्चों को मीठी दलिया का सेवन तथा माँ का दुध सर्वोतम आहार होता है कि जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों का वजन भी माप कर कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने का कार्य किया गया। जिससे कि कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर बेहतर देखभाल एवं पोषक तत्व से भरपूर शिशु आहार ससमय देकर कुपोषण मुक्त किया जा सके की जानकारी दी गई। बताते चले कि जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन के तहत रोस्टर अनुसार धात्री महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं के बीच पोषक तत्व से भरपूर मीठी दलिया एवं नमकीन दलिया का वितरण किया जा रहा है।

## मृतक सीसीएल कर्मी का तैरता शव 80 घंटे बाद खदान से बरामद



**कुजू(आजाद सिपाही)।** आरा बी टाइप कॉलोनी निवासी सीसीएल कर्मी बासुदेव महतो पिता स्व लाली महतो (51 वर्ष) का आरा परियोजना की बंद पड़ी खुलीखदान में तैरता शव शनिवार को देखा गया। मामले की जानकारी मिलते ही कुजू पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची। लेकिन मृतक के परिजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल नौकरी की मांग को लेकर पुलिस को शव निकालने से मना कर दिया। तकरीबन 6 घंटे की हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद अंतत आरा पीओ ओपी सिंह की मध्यस्थता एवं सीसीएल कुजू क्षेत्र के जीएम सीएस तिवारी द्वारा प्रक्रिया के तहत नौकरी दिए जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शव को खदान से बाहर निकालने दिया। जिसे कुजू पुलिस ने बरामद करते हुए आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेजा। गौरतलब है कि पुण्डी परियोजना में कार्यरत बासुदेव महतो पिछले मंगलवार की रात से गायब था। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान बंद पानी भरे खदान के किनारे उसका वस्त्र एवं चप्पल देखा गया था। जिसके बाद उसके गहरे पानी भरे खदान में डूब जाने की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि परिजनों द्वारा बोकारो से गोताखोर मंगा कर पूरे खदान में खोजबीन कराई गई थी। लेकिन गोताखोर भी काफी मशक्कत के बाद शव नहीं खोज पाए थे।

# हाथियों ने पटक-पटक कर ले ली फिर एक की जान

### घटना सरला कलां गांव की, रात होने के कारण नहीं दिखे हाथी

**अंजनी कुमार**

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला वन क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रत्येक वर्ष वन क्षेत्र के गावों में उत्पात मचाते हुए किसानों के खेत में लगे फसलों की क्षति करने के साथ लोगों को मौत के घाट उतार रहे है। शुक्रवार शाम को गोला प्रखंड के पतरातू गांव निवासी एक व्यक्ति को जंगली हाथियों ने बड़ी बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। पतरातू गांव निवासी सावन महतो 55 वर्ष हारूबेड़ा अपने किसी रिश्तेदार के यहां पैदल जा रहे थे। इसी दौरान जंगली हाथियों ने सरला कलां डीएमडीसी जंगल के समीप उन्हें अपने चपेट में ले लिया।देर शाम होने के कारण हाथियों का अंदाजा वो नही लगा पाएं। उन्हें पटक- पटककर जान से मार दिया। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। शनिवार को पहुंची वन कर्मी एवं गोला पुलिस ने शव का पंचनामा किया। मृतक के परिजनों को तत्काल दस हजार रुपये दिए गए है। शव को अपने कब्जे में लेकर सारी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचा पूरा गांव में मातम पसर गया। वहीं



परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**पांच साल में बारह लोगों की गयी जान**

गोला प्रखंड क्षेत्र में 5वर्षों के भीतर हाथियों ने बारह लोगों की जान ली है। जिसमें वर्ष 2018 में जितनी देवी 65वर्ष चोपादारु निवासी, सावन बेदिया 28वर्ष बड़की हेसल निवासी, फुलेश्वरी देवी 73वर्ष कुम्हरदगा निवासी, वर्ष 2019 में उर्मिला देवी 70वर्ष कोरांबे निवासी, 2020 में रमेश मुर्मू 26वर्ष औराडीह निवासी, सुलेमान अंसारी 57वर्ष जयंतीबेड़ा निवासी, सनातन बेदिया 26वर्ष बड़की हेसल निवासी,2021 में ताराचंद महतो 60वर्ष मसरीडीह निवासी, गोलक महतो 54वर्ष मुरपा निवासी, रोशन कुमार 10वर्ष कुसुमडीह निवासी। 2022 में मुरपा निवासी दिलभरण बेदिया 43वर्ष एवं पतरातू निवासी सावन महतो आदि शामिल हैं।

**2021 में 424 किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा मिला**

प्रखंड क्षेत्र में हाथियों द्वारा किसानों के फसल क्षति मुआवजा का भुगतान प्रभवित किसानों को 12 लाख 29 हजार 280 रुपया का भुगतान किया गया है। वही 2022 में विचरण करने के दौरान इस वर्ष दो माह पूर्व हुल्लू गांव के एक किसान के कुएं में डुब गया। वहीं एक माह पूर्व वन कार्यालय पुरबडीह के समीप एक ही कुएं में दो हाथी डूब गये। उन्हें वनकर्मियों ने सूझबूझ के साथ सुरक्षित बाहर निकाला।

**वन कर्मी किस काम का ले रहें है मोटी तनख्वाह**

ग्रामीणों ने बताया कि वन क्षेत्र में हाथियों का उत्पात प्रत्येक दिन कहीं न कहीं होता है। हाथियों का झुंड कई दिनों से घनी आबादी के आस पास डेरा डाले हुए है। लेकिन लापरवाह वन कर्मी इन्हें भागने में कोई दिलचस्पी नही दिखाते है। सुरक्षा के नाम पर ग्रामीणों को कुछ नही दिया गया है। कर्मी कभी कभार ही क्षेत्र भर्मण करते है।बताया गया कि वर्तमान रेंजर के कार्यकाल में हाथियों का आतंक अधिक बढ़ा है।

## बिरसा फसल विस्तार योजना को लेकर बैठक आयोजित

**पतरातू(आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के सभागार में शनिवार को प्रमुख कौशल्या देवी की अध्यक्षता में पंसस व कृषक मित्रों की बैठक हुई। बैठक में प्रभारी बीडीओ हलधर कुमार सेठी मुख्य रुप से शामिल थे। इसमें प्रभारी कृषि पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने पंचायत समिति के सदस्यों व कृषक मित्रों को बताया कि रबि के मौसम में सरकार के द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना के विषय में पुरी जानकारी दी। और कहा कि इसमें चना, ज्वार व सरसो की खेती क्लस्टर बनाकर करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए पंसस और कृषक मित्रों से सहयोग की मांग की गई है। और कहा गया है कि क्लस्टर बनाने में सहयोग करें और क्लस्टर में आने किसानों को संख्या की जानकारी जल्दी से जल्दल देने का प्रयास करें। उन्होने बताया कि इसमें सरसो, चना व ज्वार का बीज और खाद फ्री दी जाएगी।

**नाम परिवर्तन**

शपथ पत्र संख्या 6055 दिनांक 10.09.2022 के अनुसार मैं, संजय कुमार चौबे, पिता- श्री वृजमोहन चौबे, निवास-ग्राम+पो.- हासनदाग, थाना- मेराल, जिला- गढ़वा, झारखंड शपथपूर्वक निम्नांकित बयान करता हूं कि:-

1. यह कि मैं निवास- ग्राम+पो. हासनदाग, थाना- मेराल, जिला- गढ़वा का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम बाबा दुर्गेश चौबे है।
3. यह कि मेरा पुत्र नवमी कक्षा में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला में पढ़ाई कर रहा है।
4. यह कि अब मेरे पुत्र का रजिस्ट्रेशन कराना है और मैं चाहता हूं कि मेरे पुत्र का नाम बाबा दुर्गेश चौबे के स्थान पर केवल दुर्गेश चौबे हो जाये।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने पुत्र के नाम बाबा दुर्गेश चौबे के स्थान पर दुर्गेश चौबे करवाने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

# कैसे सुरक्षित हों सड़कें

देश के जाने-माने उद्योगपति और टाटा संस के पूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री की पिछले दिनों सड़क हादसे में हुई मौत ने मोटर वाहनों में निहित सुरक्षा उपायों और उनके इस्तेमाल की अहमियत की ओर नये सिरे से ध्यान खींचा है। यह बात खबरों में आयी कि मिस्त्री कार में पिछली सीट पर बैठे थे और उन्होंने सीट बेल्ट नहीं बांध रखी थी। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर उन्होंने सीट बेल्ट बांधी होती तो उनके बचने की प्रबल संभावना थी। अपने देश में यात्री सुरक्षा के उपायों को लेकर भारी उदासीनता है। आलम यह है कि पिछली सीट पर यात्रा करते हुए भी सीट बेल्ट बांधने की जरूरत होती है, यह बात ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं है। खुद केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कानून में स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद लोग इसका पालन नहीं करते और ट्रैफिक पुलिस के ऑफिसर भी इस पर किसी तरह का कदम नहीं उठाते। गौरतलब है कि सेंट्रल मोटर वीइकल रूल 138 (3) में कहा गया कि है पिछली सीट पर बिना सीट बेल्ट लगाये यात्रा करने पर 1000 रुपये जुर्माना लगाया जायेगा। मगर इस कानून पर अमल होता नहीं दिखता। अब जरूर सरकार जागी है, तो इस मोर्चे पर अगले कुछ दिनों में एक्शन दिखने की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी के बारे में उदासीनता या लापरवाही का आरोप नहीं लगाया जा सकता। वह इन मसलों पर भी न केवल बोलते रहे हैं, बल्कि कार निर्माताओं से भी सुरक्षा उपाय बढ़ाने की अपील करते रहे हैं।

**मौतों के मामले में दुनिया में पहले नंबर पर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2021 में देश में 1.55 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गये। मतलब रोज 426 और हर घंटे 18 मौतें।**

चूंकि बयान, सुझाव और अपील खास असर नहीं दिखा रहे इसलिए अब नियम कानूनों और दंडात्मक कार्रवाई का सहारा लेने की जरूरत है। सरकार ने संकेत भी दिया है कि न केवल सीट बेल्ट न लगाने वालों के साथ सख्ती बरती जायेगी, बल्कि कम से कम छह एयरबैग और पिछली सीटों के लिए भी सीट बेल्ट अलार्म सभी गाड़ियों में लगाना अनिवार्य करने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि कार कंपनियों की दलील है कि महंगे स्लॉट वाली गाड़ियों में तो यह लगाया जाता है, लेकिन छोटी गाड़ियों में इससे लागत काफी बढ़ जायेगी, जिससे बिक्री पर बुरा असर पड़ सकता है। मगर याद रखना चाहिए कि भारत सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के मामले में दुनिया में पहले नंबर पर है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2021 में देश में 1.55 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गये। मतलब रोज 426 और हर घंटे 18 मौतें। हर लिहाज से यह बहुत ज्यादा है। सरकार अगर 2024 तक इस संख्या को आधा करने का लक्ष्य लेकर चल रही है, तो यह अच्छी बात है, लेकिन इसे संभव बनाने के लिए लोगों में जागरूकता और मोटर वाहनों के सुरक्षा उपायों के अलावा सड़कों को सुधारने पर भी गंभीरता से काम करना होगा।

**आजादी के 67 साल बाद भी, करोड़ों भारतीयों के भोजन, पोषण और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाने वाला यह क्षेत्र खुले समुद्र में बिना पतवार वाली एक नाव की तरह हो गया। यह क्षेत्र अनगिनत समस्याओं और अनंत बाधाओं से जूझ रहा था। 2014 में, भारत की जनता ने तत्कालीन सरकार के भ्रष्टाचार, नीतिगत निष्क्रियताओं से तंग आकर एक निर्णय लिया और मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के दर्द एवं राष्ट्र की नब्ज को समझ सकने वाले नेता नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्र में एक निर्णायक सरकार चुनी। मोदी जी ने जो सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम किया, वह यह था कि उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान फिर से मत्स्यपालन क्षेत्र पर केंद्रित किया।**

# समृद्धि की ओर अग्रसर भारतीय मत्स्यपालन



**डॉ एल मुरुगन**

न सिर्फ सभ्यता के विकास के चक्र में, बल्कि सभी प्रमुख प्राचीन सभ्यताओं की कहानियों में भी मछली का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे पुराणों में भगवान विष्णु के पहले अवतार मत्स्यावतार का उल्लेख है। प्राचीन तमिलनाडु के खूबसूरत संगम साहित्य में मछुआरों के जीवन और घुमावदार नावों (अकानानुरु) का विशद वर्णन है। सिंधु घाटी की खुदाई में मिले प्रमाण हमें प्राचीन भारत में व्यापक स्तर पर मत्स्यपालन के प्रसार की सराहना करने के लिए प्रेरित करते हैं। विस्तृत तटीय रेखाओं और विशाल नदियों वाला भारत मत्स्य संसाधनों के मामले में बेहद समृद्ध है। हमारी संस्कृति में शुरू से ही मछली और मछुआरों का एक केंद्रीय स्थान रहा है।

आजादी के बाद भारत में मत्स्यपालन क्षेत्र का विकास विभिन्न राज्यों की पहल, प्राथमिकताओं और संसाधनों के अनुरूप अलग-अलग गति व दिशाओं में हुआ। केंद्र सरकार की कम भागीदारी या उसके द्वारा अपर्याप्त निवेश (विभिन्न रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि आजादी के बाद से लेकर 2014 तक केंद्र सरकार की ओर से मत्स्यपालन क्षेत्र के लिए महज 3682 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गयी थी) के कारण भारतीय मत्स्यपालन बेहद उपेक्षित रहा।

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से भारतीय मत्स्यपालन के लिए अब तक के सबसे अधिक 20050 करोड़ के निवेश की घोषणा की।**

बीमा, सुरक्षा किट, ऋण सुविधा, मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया और विपणन के मामले में बेहद कम सहायता उपलब्ध होने के बावजूद, भारत के साहसी मछुआरे जर्जर नौकाओं पर सवार होकर समुद्र में अपना उद्यम जारी रखते रहे। आजादी के 67 साल बाद भी, करोड़ों भारतीयों के भोजन, पोषण और आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत माना जाने वाला यह क्षेत्र खुले समुद्र में बिना पतवार वाली एक नाव की तरह हो गया। यह क्षेत्र अनगिनत समस्याओं और अनंत बाधाओं से जूझ रहा था। 2014 में, भारत की जनता ने तत्कालीन सरकार के भ्रष्टाचार, नीतिगत निष्क्रियताओं से तंग आकर एक निर्णय लिया और मत्स्यपालन से जुड़े लोगों के दर्द एवं राष्ट्र की नब्ज को समझ सकने वाले नेता नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्र में एक निर्णायक सरकार चुनी। मोदी जी ने जो सबसे पहला और महत्वपूर्ण काम किया, वह यह था कि उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान फिर से मत्स्यपालन क्षेत्र पर केंद्रित किया। पिछले 8 वर्षों के दौरान कई अन्य पहलों के अलावा, नीली क्रांति योजना, मत्स्यपालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष और प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाइ) के रूप में मत्स्यपालन के क्षेत्र में 32,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।

इन कदमों ने सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव के मंत्र का पालन करते हुए बाधाओं को दूर किया और मत्स्यपालन के क्षेत्र की बेड़ियों को खोल दिया। इससे भारत के मछली उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि सुनिश्चित हुई। मछली का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 102 लाख टन से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 161 लाख टन हो गया। मोदी सरकार के पहले 5 वर्षों में मत्स्यपालन क्षेत्र औसतन 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जबकि यह वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2009-10 से लेकर 2013-14 तक 5.27 प्रतिशत थी। अपने चुनावी वायदे को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मत्स्यपालन क्षेत्र के अधिक केंद्रित और समग्र विकास के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया।

वर्ष 2020 में, प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाइ) के माध्यम से भारतीय मत्स्यपालन के लिए अब तक के सबसे अधिक 20050 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। पीएमएमएसवाइ भारतीय मत्स्यपालन को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाली मुख्य प्रेरक शक्ति साबित हो रही है। वर्ष 2024-25 तक इस योजना में मत्स्य उत्पादों के उत्पादन, उत्पादकता और निर्यात में तेजी से वृद्धि करने की परिकल्पना की गयी है। इसमें मछली पकड़ने के बाद की प्रक्रिया में होने वाले नुकसान को काफी कम करने और देश में मछली की खपत बढ़ाने की भी परिकल्पना की गयी है।

बाधाओं को दूर करके, प्रौद्योगिकी का समावेश करके, कल्याण की प्रक्रिया को फिर से वास्तविक लाभार्थियों की ओर मोड़ कर, उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित कर और महिलाओं को सशक्त बनाकर भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र उन बेड़ियों से मुक्त हो गया है, जो इसे आजादी के बाद से 6 दशकों से अधिक समय तक जकड़े हुए थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार ने 8 साल में भारतीय मत्स्यपालन की एक मजबूत नींव रखी है।

आज, जब हम पीएमएमएसवाइ की दूसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र ने भविष्य के सुनहरे दिनों की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। यहां से, इस क्षेत्र को हमारे मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए अधिक आय और खुशी पैदा करते हुए बस आगे ही बढ़ते जाना है।

**(लेखक : केंद्रीय मत्स्यपालन, पशु पालन और डेयरी राज्यमंत्री तथा सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री हैं।)**



सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ मोदी सरकार ने 8 साल में भारतीय मत्स्यपालन की एक मजबूत नींव रखी है। आज, जब हम पीएमएमएसवाइ की दूसरी वर्षगांठ मना रहे हैं, भारतीय मत्स्यपालन क्षेत्र ने भविष्य के सुनहरे दिनों की ओर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। यहां से, इस क्षेत्र को हमारे मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए अधिक आय और खुशी पैदा करते हुए बस आगे ही बढ़ते जाना है।

## जमशेदपुर की खबरें

### डीसी ने दुर्गा पूजा पंडाल एवं विसर्जन घाटों की साफ-सफाई को लेकर बनायी रणनीति

# 24 घंटे कार्यरत रहेगा कंट्रोल रूम और वॉर रूम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की उपायुक्त विजया जाधव द्वारा दुगार्पूजा के दौरान पूजा पंडाल व विसर्जन घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, स्ट्रीट लाईट, हाई मास्ट लाईट मरम्मतीकरण, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आइइसी एक्टिविटी आदि को लेकर नगर निकाय एवं टाटा स्टील यूआइएसएल (पहले जुस्को) के साथ बैठक की गयी। बैठक में एसडीएम धालभूम संदीप कुमार मीणा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, जुगसलाई नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश यादव, टाटा स्टील यूआइएसएल के महाप्रबंधक धनंजय मिश्रा, सिटी मैनेजर, जेई आदि उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि जल्द ही प्रशासन द्वारा सेंट्रल पूजा कमिटी और पीस कमिटी के साथ बैठक कर उन्हें प्रशासनिक तैयारियों एवं पूजा के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण में अपेक्षित सहयोग को लेकर प्रशासन की भावनाओं से अवगत कराया जायेगा। तीनों नगर निकाय पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के अतिरिक्त संबधित नगर निकाय भी कंट्रोल रूम या वॉर रूम का संचालन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचना के आधार पर कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त कर्मी तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए समस्याओं या शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। पूजा शुरू होने से पहले विभिन्न स्थानों में अधिष्ठापित हाई मास्ट लाईट का स्थलीय निरीक्षण तथा स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, फॉगिंग, ब्लिंचिंग, नियमित नाली-सड़कों की साफ-सफाई का निर्देश दिया गया। पूजा पंडाल परिसर की साफ-सफाई, पेयजलापूर्ति आदि को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। उपायुक ने कहा कि जिले में प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह वर्जित है, ऐसे में आइइसी एक्टिविटी के तहत पंडालों में नो प्लास्टिक एवं नशा मुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर लगायें। बैठक में पंडालों के आसपास कचड़ा जमा नहीं हो इसके लिए बड़े डस्टबिन लगाने, विसर्जन को लेकर नदी घाटों की साफ-सफाई, साउंड सिस्टम, गोताखोर की उपलब्धता, नदी में आगे खतरा है, डेंजर जोन आदि से जुड़े साइनेज लगाने, पूजा एवं विसर्जन के दौरान भीड़ नियंत्रण तथा सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की गयी।

### पारित नक्शा और विचलन के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा

बैठक में जिला उपायुक्त द्वारा नगर निकायों में पिछले 6 महीनों में पारित हुए नक्शा, नक्शा विचलन के विरूद्ध की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि पारित नक्शा में थोड़ी बहुत भी विचलन कर निर्माण कार्य हुआ हो तो तत्काल संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने पारित नक्शा के विरुद्ध किये जा रहे निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण के लिए नगर निकायों के विजिलेंस टीम को निर्देश दिये। नक्शा विचलन करने वालों को किसी भी हाल में पानी-बिजली का कनेक्शन नहीं मिले इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि नक्शा विचलन करने वालों को नोटिस दें तथा खुद अवैध निर्माण कार्य तोड़ने का भी निर्देश दें, आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई की चेतावनी दें।

# देश के आन, बान और शान पर बलिदान होनेवाले हमारे हीरो : अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** शहर की सामाजिक संस्था नमन के द्वारा परमवीर चक्र वीर शहीद अब्दुल हमीद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करके कई गणमान्यों, महिलाओं एवं युवाओं की उपस्थिति में श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने अपनी बातें रखीं मौके पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा भारतीय योद्धाओं की परम्परा को अपने शौर्य और बलिदान से आगे बढ़ाने वाले परमवीर चक्र अब्दुल हमीद जी ने अदम्य साहस एवं वीरता से लड़ते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले उनका बलिदान, शौर्य, साहस और समर्पण नई पीढ़ी को देश सेवा हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा। पूर्व सैनिक बलविंदर सिंह ने कहा शहीद अब्दुल हमीद जी ने देश के लिए सर्वोच्य बलिदान देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहूति दी मां भारती की रक्षा में वीरगति प्राप्त कर उन्होंने तिरंगे का मान बढाया उनकी वीरता देश के प्रत्येक नागरिक को माँ भारती की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी।

नमन संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद जी को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि परमवीर शहीद अब्दुल हमीद का नाम भारतीय सेना के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा गया है। 1965 की जंग में इन्होंने देश के लिए सर्वोच्य बलिदान दिया जहां एक ओर आज का समाज परिवेष मे अपने बलिदानी पूर्वज को भूलते जा रहे है उनके बलिदान को लगातार याद दिलाने का काम कर रही है नमन।

कार्यक्रम में राजीव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश राय, राम केवल मिश्र ने अपने विचार रखे साथ ही धनुर्धर त्रिपाठी ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन रीया मित्रा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक बलकार सिंह, शिवशंकर सिंह, प्रमिला शर्मा, ममता पुष्टि, वरुण कुमार, राघवेन्द्र शर्मा, इन्द्र कुमार शर्मा, सुरजीत सिंह, रोहित दीप सिंह, उपेन्द्र कुमार, महेन्द्र सिंह, मनोज मिश्रा कैलाश झा, संदीप कुमार सिंह आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# मनमीत के परिजनों से मिले रघुवर दास, परिवार के साथ मुश्किल दौर में खड़े रहने का दिया आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने एग्रीको निवासी सरदार मलकीत सिंह एवं उनके परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। बता दें कि गत 29 अगस्त को जमशेदपुर में हुई तेज बारिश के समय मलकीत सिंह का सात वर्षीय चार माह का मासूम बच्चा मनमीत सिंह घर के समीप खेलते हुए तेज बहते नाले में बह गया था, जब तक परिवार वालों को पता चला वह पानी के तेज बहाव में लगभग एक किलोमीटर दूर तक बह गया जिसमे उसकी मृत्यु हो गयी थी। रघुवर दास ने बच्चे के मां-पिता से पूरी घटना की जानकारी ली एवं ढांढस बांधा व ईश्वर से मासूम की आत्मा की शांति के लिए प्राथना की। परिवार के साथ इस मुश्किल दौर में खड़े रहने का आश्वासन दिया. मौके पर साथ में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह राजा, झारखंड गुरुद्वारा कमिटी के शैलेंद्र सिंह, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, तेजिंदर सिंह जॉनी, मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा व सिख समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक समीर महंती ने कला संस्कृति भवन निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड की चिंगड़ा पंचायत के कटुशोल गांव में शनिवार को विधायक समीर महंती ने आइटीडीए योजना से स्वीकृत कला संस्कृति भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. मौके पर विधायक श्री महंती ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को बेहतर बनाना ही मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कटुशोल गांव में कला संस्कृति भवन के निर्माण होने से क्षेत्र में कला और संस्कृति का संरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि योजना के निर्माण में ग्रामीण सहयोग करें और पूर्ण गुणवत्ता के साथ योजना का निर्माण करायें। इस अवसर पर बहरागोड़ा प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष असीत मिश्रा, सचिव गुरुचरण मांडी, उप प्रमुख मुन्ना होता, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया परमेश्वर हेंब्रम, ललित मांडी, पंचायत समिति परेश मुंडा, बासुदेव कुमार, सुबोध हेम्ब्रम, कुंजो गोप, प्रिय रंजन दीगर, श्रृष्टि राउत उपस्थित थे।

# वैश्य एकता महिला मंच ने किशोरी को किया सम्मानित

**70 साल की उम्र में भी करती है बागवानी और सिलाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** वैश्य एकता महिला मंच द्वारा आदित्यपुर जीआर कॉलोनी निवासी जनक किशोरी को शॉल ओढ़ाकर अध्यक्षा जया साहू द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं महामंत्री मीरा शर्मा ने प्रतिभा सम्मान मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया. मंच की उपाध्यक्ष मधुमाला मंत्री सरस्वती साहू अन्य सदस्य सुषमा साहू गीता देवी सोनिया साहू आदि गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया। जनक किशोरी देवी 70 की उम्र में भी हस्तकला, प्राकृतिक चिकित्सा बागवानी सिलाई आदि बहुत शौक से कर रही हैं। वहीं उन्हें गठिया की परेशानी होते हुए भी बीमारी को मात देकर अपनी कला को जिंदा रखी हुई है। समाजसेवी गंगा प्रसाद शर्मा की पत्नी जनक किशोरी देवी आदित्यपुर नगर पालिका में 2008 में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव भी लड़ चुकी हैं। उनके 3 पुत्र और दो बेटियां हैं सभी अपने क्षेत्र में बेहतर योगदान दे रहे हैं। पोता-पोती भी सभी उच्च पदों पर कार्यरत हैं। जनक किशोरी बंदरवाल, मोती के बैग, टेबल मेट, डोर मेट क्रोशिया से थालपोस, उन का थालपोस, हैंड बैग, झोला, हैंड एंब्रायडरी झूमर आदि का निर्माण करती हैं जिसे उन्होंने पूरे घर में सजा रखा है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा नेता रामचंद्र केशरी को स्वस्थ होने पर मिली अस्पताल से छुट्टी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी को रांची के सेंटेविटा हॉस्पिटल से शनिवार को छुट्टी दे दी गयी। वे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं। डॉक्टरों ने बताया कि अब रामचंद्र केशरी का स्वास्थ्य बिल्कुल सही है। बताते चलें कि पिछले दिनों पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी का स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण उनके परिजनों के द्वारा उन्हें रांची स्थित सेंटेविटा हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था, जहां उनका विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा था। उनका कुशल क्षेम जानने के लिए विभिन्न राजनेताओं ने अस्पताल जाकर उनका हालचाल लिया था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनके प्रशंसकों में काफी चिंता थी। उनके अस्पताल से छुट्टी मिलने के पश्चात लोगों में हर्ष व्याप्त है। उनके शुभचिंतकों ने उनकी लंबी आयु की कामना की है। जानकारी देते हुए उनके जेष्ठ पुत्र विजय केशरी ने बताया कि उनके पिता पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी अब पूर्ण स्वस्थ हैं। आज उन्हें डॉक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी दे दी है। उन्होंने पिताजी के स्वास्थ्य खराब होने के दौरान उनके सभी शुभचिंतकों को दुआएं देने एवं परिवार का मनोबल बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया है।

### एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष ने उपायुक्त को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश चंद्रा ने छह सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा एवं निम्न मांगों पर जल्द कार्रवाई करने की मांग की। मांग पत्र में अंकित छह सूत्री मांगो में गढ़वा सदर प्रखंड के हंसकेर गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय की चारदीवारी निर्माण, सदर प्रखंड जिला पंचायत भवन परिवर्तित खंडहर में तब्दील जिसका निरीक्षण, जिले के नागरिकों में व्याप्त भुखमरी के निदान हेतु अति शीघ्र सुखाड़ राहत योजना से किसानों की जान बचाने, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा किए गए अवैध कार्य को चिन्हित कर कार्डधारियों को ससमय राशन मुहैया कराने, जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत पैनदली गांव में राजकीय मध्य विद्यालय का जर्जर भवन को निरीक्षण करने एवं दो शिक्षक नियुक्त करने साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुभवी चिकित्सकों को सीमित क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच सेवा करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की गयी है।

### तीन दबंगों ने एक व्यक्ति को पीट-पीटकर किया घायल, दो गिरफ्तार

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंचायत सुखनदी के ग्राम मझिगावा गांव के कुछ तीन दबंगों द्वारा एक व्यक्ति को पीट-पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया गया। स्व. मुसन चौधरी के लगभग 45 वर्षीय पुत्र विफन चौधरी ने घर परिवार चलाने के लिए एक छोटा-मोटा चौमिन अंडा की दुकान खोल रखा है। खाने के बाद पैसा मांगने पर तीनों दबंगों ने उसे बुरी तरह से पीट-पीट कर घायल कर दिया। उसके बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में सदर अस्पताल गढ़वा में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बरडीहा पुलिस को सूचना मिलते ही बरडीहा पुलिस ने तत्परता से दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में छोटू रजवार, पिता बंसासी रजवार एवं धर्मेंद्र रजवार पिता बीफन रजवार दोनों ग्राम माझी के रहने वाले हैं।

### बीडीओ ने आभा कार्ड बनाने को लेकर किया जागरूक

**केतार (आजाद सिपाही)।** शनिवार को बीडीओ मुकेश मछुआ ने केतार प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानध्यापकों के साथ प्रखंड के सभागार कक्ष में बैठक की। बैठक में सभी लोगों के साथ अध्ययनरत सभी बच्चों का आभा कार्ड बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इस कार्य को ससमय पूर्ण करने की बात कही। इसके उपरांत बीडीओ मुकेश मछुआ ने अपने प्रखंड कर्मियों के साथ केतार कर्पूरी गेट व केतार सब्जी मार्केट अम्बेडकर चौक के पास लोगों को इकठ्ठा कर आभा कार्ड के बारे में बताया और इससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। सर्वप्रथम उन्होंने बताया कि आधार से अपना मोबाइल नम्बर को जोड़वा लें या पहले से जुड़ा है तो एंड्राइड मोबाइल से गूगल में जाकर आभा कार्ड लिखें इसके पश्चात आपके मोबाइल पर ओटीपी नम्बर आने के बाद पूरी प्रक्रिया पूरी हो जायेगा। इस दौरान कई लोगो को उन्होंने आभा कार्ड डाउनलोड भी कराया। इससे लोगों में आभा कार्ड बनाने को लेकर उत्साह भी देखा गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, बीपीओ दीपक जायसवाल, रोजगार सेवक पंकज सिंह, मनोज यादव, उपप्रमुख शम्भु सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष जगनारायण यादव, समाजसेवी महेंद्र पाल, रामविचार साहू, सुरेश प्रसाद, परशु गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हैवानियत : विवाद में युवक पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगायी, तनाव

# आरोपी असमुद्दीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**घटना के बाद गांव में कैंप कर रही पुलिस, चौकसी बढ़ायी गयी**

प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर/गढ़वा।** शुक्रवार की रात नगर उंटारी थाना अंतर्गत चितविश्राम ग्राम में कसमुद्दीन नामक व्यक्ति के द्वारा क्रूरता की सीमा पार करते हुए आपसी विवाद में दीपक सोनी नामक युवक पर पेट्रोल डाल कर जलाने का प्रयास किया। घटना में युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के बाद जख्मी युवक दीपक का इलाज गढ़वा जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

मामले की गंभीरता देखते स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की चौकसी उक्त गांव में बढ़ा दी गयी है। गांव में पुलिस कैंप की हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि मामले पर नजर रखी जा रही है। दोनों पक्षों की ओर से नगर उंटारी थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है और आरोपी को कठोर से कठोर सजा दिलाने का काम किया जायेगा।



पुलिस ने दीपक सोनी के फर्द बयान के आधार पर कसमुद्दीन के विरुद्ध भादवि की धारा 323, 341, 307, 326, 504 और 506 के तहत एफआइआर दर्ज किया है। जबकि कसमुद्दीन के फर्द बयान के आधार पर दीपक सोनी और राहुल सोनी पर धारा 323, 341, 504, 506 व 34 भादवि के तहत एफआइआर दर्ज किया है। साथ ही कसमुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया है।

### युवक के परिजनों से मिले विधायक भानु, सहयोग का दिलाया भरोसा



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बीती रात चित विश्राम ग्राम के दीपक सोनी को उसी गांव के कसमुद्दीन के द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की घटना के पश्चात भाजपा नेता सह भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही पीड़ित दीपक कुमार सोनी के घर चितविश्राम गांव जाकर उसके माता-पिता से घटना की जानकारी ली एवं हरसंभव मदद करने की बात कही। पीड़ित के पिता ने बताया कि उनके बेटे के साथ बहुत बर्बरता पूर्वक कार्य किया गया है, उसे न्याय मिलना चाहिए। विधायक ने उन्हें ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि उनके बेटे को न्याय दिलाने में वे कोई कमी नहीं करेंगे। दोषी को सजा जरूर मिलेगी। पीड़ित दीपक सोनी की पुत्री प्रिया अपने पापा को जलाने की घटना से मर्माहत है। वह 8वीं की छात्रा है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड में पिछले दिनों इस प्रकार की घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। झारखंड की सरकार आपराधिक घटनाओं पर काबू करने में विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि एक पक्ष के द्वारा हिंदू पक्ष को दबाने की कोशिश की जा रही है, जिसे भारतीय जनता पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार उनके साथ है। आपको न्याय जरूर मिलेगा। भानु प्रताप शाही ने कहा कि झारखंड की दुमका में घटी घटना पर कानून कड़ी कार्रवाई करते हुए पीड़िता को न्याय दिला पाता तो कानून पर विश्वास बढ़ता, परंतु वर्तमान समय में झारखंड के कानून पर लोगों का विश्वास नहीं बन पा रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय नहीं मिल पाने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। ऐसी घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। समाज के लोगों को भी ऐसी घटना का विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार हिंदू परिवारों को सुरक्षा देने में विफल होती है तो भारतीय जनता पार्टी उग्र आंदोलन करने को विवश होगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। भानु प्रताप शाही ने संबंधित अधिकारी को सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने का निर्देश दिया है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, बीडीओ श्रवण राम, सीओ, अरूण कुमार मुंडा, थाना प्रभारी, योगेन्द्र कुमार, लक्ष्मण राम, विकास स्वदेशी, राकेश चौबे, अशोक सेठ, संजय कांस्यकर, विकास पांडे, कुमार कनिष्क सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस जवानों ने बूढ़ा पहाड़ पर लहराया तिरंगा



**बूढ़ा पहाड़ चढ़ने के दौरान नक्सलियों के कई बंकरों एवं विस्फोटकों को किया ध्वस्त**

**बूढ़ा पहाड़ को पूरी तरह नक्सल मुक्त कराये जाने तक चलता रहेगा अभियान : कमांडेंट राजीव कुमार**

अशोक केसरी

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के अति उग्रवाद एवं नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला तथा छत्तीसगढ़, लातेहार एवं पलामू जिला की सीमा से सटे बूढ़ा पहाड़ पर कोबरा 203 एवं 205 बटालियन, सीआरपीएफ 172 बटालियन एवं जिला पुलिस के जवानों ने तिरंगा झंडा फहरा दिया है। नक्सलियों का मनोबल तोड़ते हुए इसे उनकी मांद में घुसकर विजय पताका फहराने जैसी बात मानी जा रही है। पुलिस के जवानों को बूढ़ा पहाड़ चढ़ने में नक्सलियों के कई बंकरों एवं विस्फोटक हथियारों को ध्वस्त करना पड़ा।

इस बाबत कोबरा पुलिस बटालियन के कमांडेंट राजीव कुमार ने बताया कि बूढ़ा पहाड़ के जोल डेरा में पुलिस का कैम्प लगा दिया गया है। पुलिस को यहां कई जोखिम भरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बूढ़ा पहाड़ जाने का न कोई सड़क है न खाने-पीने की कोई व्यवस्था है। यहां कोई नेटवर्क भी नहीं है। पुलिस ने इस पहाड़ को नक्सल मुक्त कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि बूढ़ा पहाड़ जब तक पूरी तरह नक्सल मुक्त नहीं हो जाता तब तक अभियान चलता रहेगा। बूढ़ा पहाड़, पुनदाग, पीपर ढाबा सहित हर जगह कैंप लगा रहेगा। उन्होंने कहा कि आज वे बूढ़ा पहाड़ के ऊपर जोल डेरा, बूढ़ा गांव और थलिया गांव सहित हर जगह में नक्सलियों की चुनौती को पार करते हुए बूढ़ा पहाड़ के ऊपर चढ़े हैं और तिरंगा झंडा को लहरा कर सलामी देने का काम किये हैं। वे बूढ़ा पहाड़ के ऊपर कैंप कर कर रहे हैं। बूढ़ा पहाड़ 40 बाई 40 किलोमीटर में फैला है। इस अभियान में वे जाल डेरा स्थित एक बंकर को ध्वस्त कर दिए हैं। अभी इस तरह के कई बंकर होने के अनुमान हैं। उन्होंने कहा कि आज वे घोड़ा और खच्चर से टेंट एवं खाने-पीने का सामान चढ़ा रहे हैं। बूढ़ा पहाड़ में 400 से अधिक जवान चढ़कर कैंप किये हुए हैं।

# झामुमो रंका प्रखंड कार्यालय में स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती मनायी गयी

**दुर्गा सोरेन झारखंड के एक क्रांतिकारी नेता थे : आशीष कुमार गुप्ता**




**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कार्यालय में शनिवार को झारखंड के क्रांतिकारी अमर सिपाही स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर स्व. दुर्गा सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि दुर्गा सोरेन झारखंड के एक क्रांतिकारी नेता थे। जिन्होंने अलग झारखंड राज्य निर्माण कराने से लेकर इसे सजाने व संवारने में अहम भूमिका निभाई है। बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी ने कहा कि स्व. दुर्गा सोरेन झारखंड का उगता हुआ सूरज के समान होनहार नेता थे। उनके असामयिक निधन से झारखंड को काफी क्षति पहुंची है। कार्यक्रम में बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा सचिव सह खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सोनी, ओमप्रकाश यादव, मुकेश तिवारी, संतोष प्रसाद, लवली उरांव, बीडीसी शंकर राम, नौशाद राय, बीडीसी उपेंद्र राम, सुदामा राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रमना के युवक की मुंबई में मौत, शव पहुंचने पर गांव में छाया मातम

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कर्णपुरा निवासी मुरारी राम के 50 वर्षीय पुत्र श्यामसुंदर राम का शव तीन दिन बाद घर पहुंचा। शव के घर पहुंचते ही परिजनों की चित्कार से पूरा गांव मातम में पसर गया। विदित हो कि पिछले दिन बुधवार को महाराष्ट्र के मुंबई में मजदूरी करने के दौरान मौत हो गयी थी। श्याम सुंदर राम दो माह पूर्व मजदूरी का कार्य करने गया था। इधर दुखद घटना की सूचना पाकर जिप अध्यक्ष शांति देवी, स्थानीय मुखिया अजीत पांडे, झामुमो नेता रोहित वर्मा सहित सैकड़ों लोगो ने घर पहुंचकर शोक जताया। इस अवसर पर जिप सदस्य शांति देवी ने कहा कि लगातार बाहर में मजदूरों की मौत होना दुखद है। उन्होंने बीडीओ ललित प्रसाद सिंह से बात कर पारिवारिक लाभ तथा पेंशन सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।


**कार्यालय: असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा।**

**सूचना संख्या. 03/2022–23**

डा0 अनादि कुमार मांझी, चिकित्सा पदाधिकारी, अति0 प्रा0 स्वा0 केंद्र तिलैया डैम, जयनगर (कोडरमा) पता: 1. नैवेद्यम्, 159–सी, रोड नम्बर 04, अमलताश गेस्ट हाउस के सामने, अशोक नगर, रॉची 834002/पता: 2. अरविन्द प्रेस के नजदीक, अस्पताल रोड नवादा (बिहार) के द्वारा पेंशनादि प्रपत्र उपलब्ध कराने हेतु उनसे कई बार पत्राचार किया गया है तथा दूरभाष पर भी बात की गई है। परन्तु उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। अत: पेंशन प्रपत्र उपलब्ध कराने हेतु अखबार के माध्यम से सूचना प्रकाशित की जाती है एवं प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिनों के अंदर पेंशन प्रपत्र उपलब्ध करायी जाय अन्यथा उनके पेंशन पावना इत्यादि पर विचार नहीं किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 277482 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)



**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला**
**अति अल्पकालीन निविदा**

समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों में लेखन/स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराने हेतु क्रय किया जाना है। उक्त प्रायोजनार्थ निम्नलिखित सामग्री हेतु मुहरबन्द निविदा अधिकृत फर्म/प्रतिष्ठान से आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित फर्म/निविदादाता सील बंद लिफाफा में उप विकास आयुक्त, गुमला के पदनाम से दिनांक 19–09–2022 के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक आवेदन समर्पित कर सकते है प्राप्त आवेदन फर्म/निविदादाता के समक्ष दिनांक 20–09–2022 के अपराहन 3.00 बजे कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला में खोला जायेगा। सामग्रियों की विस्तृत विवरणी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला के सूचना पट्ट अथवा Gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
गुमला।

PR 277460 Rural Development(22-23)D


## बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : छात्रों ने उत्क्रमित उवि डुमरसोता से गायब रहने वाले शिक्षक की खोली पोल

# सहायक शिक्षक एडवांस हाजिरी बनाकर पूरे सप्ताह रहते हैं गायब

**फरार शिक्षक की मनमानी से तंग आकर विद्यालय के बच्चों ने सामाजिक कार्यकर्ता शशांक शेखर से की थी शिकायत**



अरुण कुमार चौबे

**कांडी।** प्रखंड के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरसोता के गायब रहने वाले शिक्षक की पोल विद्यालय के छात्रों ने शनिवार को खोल दी। हर बार की तरह उपस्थिति पंजी में एडवांस हाजिरी बना कर फरार रहना और सप्ताह में एक दिन विद्यालय आना व हफ्ते दिन की हाजिरी बना लेने का मामला सामने आया है। विद्यालय के सहायक शिक्षक आनंद प्रकाश यादव सरेआम बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने व सरकारी पदाधिकारियों की आंखों में धूल झोंकने का काम उस विद्यालय में चार साल पहले पदस्थापना के बाद से लगातार कर रहे हैं। फरार शिक्षक की मनमानी से तंग आकर विद्यालय के बच्चों ने दृष्टि यूथ ऑर्गनाइजेशन के प्रधान सचिव व स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शशांक शेखर से उसकी शिकायत की। बच्चों की शिकायत पर शशांक कुछ अभिभावकों के साथ शनिवार की सुबह 8:55 बजे विद्यालय पहुंच गए। जब 9 बजे विद्यालय खुला और अन्य शिक्षक अपनी उपस्थिति बनाने लगे तो वहां पहले से ही शनिवार की उपस्थिति पंजी में आनंद की हाजरी बनी हुई थी। उसके बाद शशांक ने उसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री जिले के उपायुक्त आदि को टैग कर शिक्षक आनंद की स्वेच्छाचारिता को वायरल कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की है।

आनंद दसवीं कक्षा के वर्ग शिक्षक हैं। उनके वर्ग के दीपक कुमार, ज्योति कुमारी, कविता कुमारी, उमेश कुमार ठाकुर आदि ने बताया कि वर्ग शिक्षक आनंद कुमार यादव हैं, जो विद्यालय से लगातार गायब रहते हैं। छात्रों ने बताया कि आनंद सर सप्ताह में एक दिन विद्यालय आते हैं और शेष दिन गायब रहते हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब शिक्षक इतने लापरवाह हैं तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक आज तक उन पर कार्रवाई के लिए पदाधिकारियों को क्यों नहीं सूचित किये। या फिर प्रधानाध्यापक की सहमति से ही आनंद गायब रहते हैं। उधर ग्रामीण अमित मेहता, अरविंद कुमार, सुनील मेहता, शिवपूजन विश्वकर्मा ने बताया कि विद्यालय आने वाले सभी शिक्षकों को पहचानते हैं लेकिन आनंद कुमार यादव को हमलोग पहचानते भी नहीं हैं। फरार शिक्षक व सहयोग करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

उधर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलराम पासवान ने कहा कि पहले भी कई बार उक्त शिक्षक को नियमित विद्यालय आने की बात कहा हूं। बावजूद इसके वे नहीं सुधरे।

### कैसे बनती है ऑनलाइन हाजिरी

सहायक शिक्षक का विद्यालय से लगातार गायब रहना एवं बायोमेट्रिक हाजिरी बनाना सवालिया निशान खड़ा करता है। जब शिक्षक लगातार गायब रहते हैं तो ऑनलाइन हाजिरी कैसे बनती है। अगर हाजिरी नहीं बनती है तो अभी तक स्पष्टीकरण क्यों नहीं हुआ। साथ ही बिना बायोमेट्रिक उपस्थिति के वेतन कैसे मिलता है। बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने पर लोकेशन भी सर्च करता है। ऐसी स्थिति में विद्यालय से बाहर से हाजिरी बनाने के मामले में जांच के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। मामले में प्रभारी प्रधानाध्यापक जयराम ने एडवांस हाजिरी बनाने की पुष्टि की। गायब रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बच्चे झूठ बोल रहे हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**मत्स्य पालकों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा कोडरमा जिला के मत्स्य कृषकों/केज लाभुकों/मछुआरों को सूचित किया जाता है, कि वर्ष 2022–23 में विभागीय राज्यादेश संख्या 17 दिनांक 08.08.2022 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना के अन्तर्गत फीड एवं मछली के संवर्धन हेतु 50 प्रतिशत अथवा 18.00 रू0/22.00 रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर गुणवत्तायुक्त फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | योजना का नाम | मत्स्य पालन हेतु संसाधन का नाम | अनुदान हेतु अधिकतम फीड के क्रय की मात्रा | प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि | अधिकतम अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड | केज/तालाब इत्यादि | 700 कि0ग्रा0 | 18/– | 12600/– |
| | | रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम | 5000 कि0ग्रा0 | 18/– | 90000/– |
| 2 | 2mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन) | केज मत्स्य पालकों के लिए | 1200 कि0ग्रा0 | 18/– | 21600/– |
| 3 | 2mm से अधिक साईज के झारकोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन) | तालाब/केज/रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक/आर0एफ0एफ0 इत्यादि | लागू नही | 22/– | लागू नहीं |

1. क्रमांक 01 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान की राशि मत्स्य कृषकों, केज लाभुक एवं रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम के लाभुकों को उपलब्ध कराये जाने की योजना है। फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. को होना अनिवार्य है।
2. क्रमांक 02 में निर्धारित फीड की मात्रा/दर/अनुदान केवल केज लाभुकों को उपलब्ध कराया जायेगा। वैसे केज लाभुक जो विगत वर्ष में उत्पादित मछली का आंकड़ा संधारित कर रखे हो तथा वर्तमान में केज में मत्स्य पालन का कार्य कर रहे हो। फीड का क्रय किसी भी मान्यता प्राप्त अधिकृत विक्रेता से किया जा सकता है, जिसका बिल GSTin No. को होना अनिवार्य है।
3- 2mm से बड़े साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड विभाग द्वार स्थापित फिश फीड मिल अथवा झारकोफिश से उत्पादित फिश फीड के क्रय पर ही यह लाभ मत्स्य कृषकों को प्राप्त होगा।
4. फीड क्रय का भौतिक सत्यापन उपरान्त ही देय अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

नोट :- यह योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर संचालित है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 277478Fish(22-23)#D

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाइसी कार्य सौ फीसदी पूर्ण करें : डीसी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में झारखण्ड के मुख्य सचिव के साथ होनेवाली बैठक की पूर्व तैयारी को लेकर शनिवार को जिले के पदाधिकारियों व सभी अंचलाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक हुई।
जिसमें उत्तराधिकार दाखिल खारिज, भूमि जमाबंदी, पंजी-2 में सुधार से संबंधित प्रगति व लंबित मामलों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये।
झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना में प्राप्त आवेदन का 12 तिसंबर की शाम 4 बजे तक हल्का कर्मचारी स्तर व अंचल अधिकारी स्तर से 50 फीसदी आवेदन निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इस योजना में लाभुक किसानों के ई-केवाईसी का कार्य भी उक्त तिथि व समय तक 6 हजार का लक्ष्य पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी का कार्य 100 फीसदी पूर्ण किये जाने का भी निर्देश दिया गया। जाति प्रमाण-पत्र के प्राप्त आवेदन व निर्गत किये जाने के बिंदु पर डीसी द्वारा अतिरिक्त जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया।

दुर्घटना : टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही युवक ने तोड़ा दम

# टेंपो व मिनी ट्रक में भिड़ंत एक की मौत, सात घायल

### गम में बदली खुशियां

सपरिवार जा रहा था पूजा करने, घायलों का चल रहा इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता






दो वाहनों की भिड़ंत में घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज। क्षतिग्रस्त ऑटो और हादसे में मारे गये व्यक्ति के शव के पास एकत्र भीड़।


**मनिका/लातेहार।** मनिका थाना अंतर्गत दोमुहान मोड़ पर शनिवार को टाटा मैजिक ट्रक और टेंपों के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश ठाकुर (22) के रूप में हुई है। वह मनिका प्रखंड मुख्यालय का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार टेंपू में सवार होकर कमलेश ठाकुर अपने परिवार के सदस्यों के साथ भगवती मंदिर में पूजा करने जा रहा था। तभी दोमुहान मोड़ के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे टाटा मैजिक ट्रक ने टेंपू को सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में कमलेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने के बाद मनिका के थाना प्रभारी शुभम कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और सभी को इलाज के लिए मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं, मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। उदर, घटना के बाद सड़क में जाम की स्थिति पैदा हो गई। थाना प्रभारी ने लोगों को समझा बुझा कर जाम को हटवाया और वाहनों का आवागमन बहाल करवाया। दूसरी ओर, घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाजे के लिए सभई को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में टेंपो चालक रिंकू नायक (25), छोटी कुमारी (17) मंजू देवी (35) निसी कुमारी (4), दुलारी देवी (52) अनयास कुमार (5) काव्या कुमारी और अमरेश ठाकुर (28) शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक हुई

लातेहार (आजाद सिपाही)। डीसी भोर सिंह यादव के निर्देश पर आइटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसमें आईटीडीए निदेशक ने चिकित्सा सहायता योजना के क्रियान्वयन में संशोधन, अनुदान राशि की अधिसीमा, भुगतान की प्रक्रिया व चिकित्सा सहायता योजना के नाम को परिवर्तित करते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के संबंध में जानकारी साझा की। बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के गरीब रेखा के नीचे के व्यक्तियों और सलाना 72 हजार रुपये से कम आय वाले व्यक्तियों को बीमारी के इलाज और स्वास्थ्य में त्वरित सुधार के लिए पौष्टिक आहार की पूर्ति के लिए अनुदान राशि प्रदान करना है। **इन्हें मिलेगा लाभ :** लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर पीड़ित, कोविड-19 से संक्रमित व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए आवेदक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग का पूर्व वित्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी को ही योजना अंतर्गत अनुदान राशि का लाभ मिलेगा। **आवेदन करने की प्रक्रिया :** अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति देनी होगी। **वयस्क लाभुक भी ले सकते हैं लाभ :** किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो तीन हजार और सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को पांच हजार रुपये की राशि देय होगी। साथ ही कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे पांच हजार रुपये और पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ हो तो 10 हजार रुपये की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25 हजार रुपये मिलेंगे। **अवयस्क के लिए मापदंड :** किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी/अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। कोविड-19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 2500 और इलाज अस्पताल में हुआ हैं तो पांच हजार व कैंसर से पीड़ित को 15 हजार रुपये देय होंगे।

## अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबिता फोगाट ने बताया भारत के विकास में खेल व खिलाड़ियों की भूमिका




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भाजयुमो के राज्य स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को सत्र की शुरूआत दंगल गर्ल के नाम से मशहूर गोल्ड मेडलिस्ट अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबिता फोगाट से हुई। बबिता ने देश के विकास में खेल एवं खिलाड़ियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि शिक्षा के साथ ही खेल की महत्ती भूमिका जीवन में होती है। खेल के माध्यम से तन और मन दोनों स्वस्थ रखा जा सकता है। खुद के जीवन में तनाव मुक्त होने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान खेल का मैदान होता है। जीवन में हारने का स्वाद भी बहुत जरूरी है। वह जीतने की राह को प्रशस्त करता है जो भविष्य को संवार देती है। वहीं, किसलय तिवारी ने कहा कि हम जिस तरह से दूसरों के साथ व्यवहार करते हैं उसे हमारा व्यक्तित्व परिभाषित होता है क्योंकि हमारा व्यवहार हमारी मंशाओं और दूसरों के प्रति हमारी भावनाओं को दर्शाता है। विनय जायसवाल ने कहा कि हमारा झारखंड प्रदेश एक वीरों की धरती है जहां प्रत्येक काल में अपनी विचारधारा संस्कृति सांस्कृतिक राष्ट्र धर्म के संरक्षण को लेकर पराक्रम दिखाया है। प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने वैचारिक नींव और प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झारखंड की राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं की भूमिका को लेकर अपने विचार रखे। वहीं, प्रांत संघचालक सचिदानन्द अग्रवाल ने भी विचार परिवार और समन्वय विषय को लेकर सत्र को संबोधित किया। कहा कि आज की स्थिति में हमें लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य एवं विचार व्यवहार की प्रक्रिया में केंद्र में रखते हुए संगठन कार्यरत ही नहीं बल्कि प्रभावी रूप से पुन: निर्माण के कार्य को प्रबल बना सकते हैं। हमारी भूमिका स्पष्ट है। राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण के व्यापक संदर्भ जो कि क्षेत्र की आवश्यकता और स्वरूप के अनुसार जन संगठन खड़ा कर क्षेत्र में अपेक्षित परिवर्तन साध्य करने का प्रयास करनी है। शक्ति किसी के विरोध में नहीं, प्रतियोगिता में नहीं या वर्चस्व स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण से ही प्रेरित होती है। शिक्षा, सेवा ,वंचित समाज के स्थान को कार्यरत संगठन ने सामाजोत्कर्षक के माध्यम से बहुत बड़ा कार्य खड़े किए हैं।

## खेल से अनुशासन के साथ सद्भावना का भी होता है संचार : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राज्य स्तरीय 22वां ताइक्वांडो प्रतियोगिता शनिवार को रेलवे साइडिंग स्तिथ अमृत पैलेस में आरंभ हुई। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर, सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के 600 खिलाड़ी भाग लें रहे है। शनिवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार ने पंच मार कर किया। अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरुरी है। खेल से जीवन में अनुशासन के साथ ही सद्भावना का भी संचार होता है। वहीं, एसपी आर रामकुमार ने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे शहर में ताइक्वांडो जैसे खेल का राज्य स्तरीय आयोजन होना यहां के खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात है। साथ ही इस खेल के प्रति यहां के खिलाड़ियों के जुनून को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट खासकर ताइक्वांडो खेल एक बेहतरीन कला है। एसपी ने आनेवाले दिनों में इस खेल को जिले के पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रो में भी आयोजन कराने के साथ खासकर स्कूल की बच्चियों को सीखने की जरूरत पर बल दिया। इस मौके पर झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, संयुक्त सचिव मिथिलेश सिंह, आयोजन समिति के तकनीकी निदेशक पारस साहू, रेफरी इंचार्ज अमर बाउरी, उपाध्यक्ष राजेश महतो, सचिव अजय कुमार महतो, बीके बालंजिपा, रितेश साहू व अरविंद यादव आदि थे।

## भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग मनुष्य के चरित्र व स्वभाव को सुधारता है : जया किशोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के 6वें दिन पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते ही भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जया किशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर एवं पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। साहू परिवार ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना एवं आरती किया। कथा सुनने आये अतिथियों में राज्यसभा सांसद धीरज साहू, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह समेत अन्य का व्यास मंच पर स्वागत किया गया। कथावाचिका जया किशोरी ने बताया कि भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग मनुष्य के चरित्र और स्वभाव को सुधारता है। कथा श्रवण करने पर भगवान श्री कृष्ण के प्रति प्रेम ना हो, पाप से घृणा ना जागे, धर्म के प्रति प्रेरित ना हो तो ये समझना कि आपने कथा सुनी ही नहीं। कथा पाप, कर्मों का नाश और प्रेम को बढ़ाती है। पहले हम अपने मन को सुधारें, फिर जगत को सुधारने निकलें। अपने चरित्र से यदि अपनी आत्मा को संतोष मिले तभी मानो कि तुम्हारा स्वभाव सुधरा है। भगवान की रासलीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की रासलीला भक्त और भगवान का मिलन आत्मा और परमात्मा का मिलन है। इस रासलीला को कामदेव असफल नहीं कर सके। रासलीला का अर्थ ना जानने वाले मूर्ख है। उसके अर्थ का अनर्थ करने वाले पापी है। कथा प्रसंग में मथुरा से कृष्ण जी का आमंत्रण, कृष्ण का मथुरा जाना और कुब्जा का उद्धार करना तथा कंस वध करने का वर्णन किया। सांदीपनि आश्रम उज्जैन में शिक्षा अर्जन, वहीं सुदामा से मैत्री का वर्णन करते हुए उसने कहा कि जीवन में दरिद्रता का कारण वही बनता है, किसी के हक को खाना। कहा कि भगवान को किसी भी रूप में मानो पर भगवान से प्रेम करो। इस दौरान कई आकर्षक झांकियों की भी प्रस्तुति की गई जिसकी सराहना उपस्थित लोगों ने किया।

सिविल कोर्ट परिसर में महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति रहना चाहिए जागरूक: पीडीजे राजेंद्र

आशा दीदी, सहिया, शिक्षिकाओं को दी गयी कानूनी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करते पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल व अन्य।

**लोहरदगा।** नई दिल्ली नालसा, रांची झालसा और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल, पूनम पाल और डालसा सचिव राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 55 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें 35 आशा दीदी/सहिया एवं 20 सरकारी शिक्षिकाएं शामिल थीं। इस अवसर पर पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। ऐसा नहीं करने से लोगों को परेशानियों का सामना ज्यादा करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सहिया और शिक्षक समाज से सीधे जुड़े होते है। ग्रामीणों के बीच इनका सीधा जुड़ाव होता है, इसलिए इन्हें लोगों को कानूनी सहायता पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़कर कदम उठाना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा तैयार है। वहीं, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। साथ ही डीएलएसए द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी जा रही है ताकि विद्यार्थी जागरूक होकर गलती करने से बचें एवं अपने क्षेत्र में जागरूकता लाएं।

संपूर्ण सत्र के दौरान महिला अधिवक्ता इंद्रानी कुजूर एवं आकांक्षा टोप्पो ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, मातृत्व लाभ से संबंधित कानून, महिलाओं पर लैंगिक अत्याचार से संबंधित उपबंध एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही दोनों अधिवक्ताओं ने प्रतिभागियों की ओर से पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। इस मौके पर शिक्षिका, एसटीटी, बीटीटी, सहिया और पीएलवी आदि उपस्थित रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## राज्यपाल ने दी अविराम के अंतराष्ट्रीय सेमिनार के लिए अग्रिम शुभकामनाएं



लातेहार (आजाद सिपाही)। अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ की ओर से 17 और 18 सितंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के लिए झारखंड के महामहिम राज्यपाल रमेश बैस ने अग्रिम शुभकामना संदेश प्रेषित किया है। जिसमें नई शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा के गौरव नालंदा, तक्छशिला, विक्रमशिला आदि की गौरवमई गाथा को पुर्नजीवित करेगी। भारत ने आध्यात्म, ज्ञान, विज्ञान, योग और दर्शन से विकास और मानवता का मार्ग दिखाया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति से प्रेरित है। भाषायी कारणों से विद्यार्थी पिछड़े नहीं विषय चयन की स्वतंत्रता हो इसमें ये सब प्रावधान अत्यंत दूरगामी होंगे। अविराम द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के लिए समस्त आयोजन मंडल और सचिव इंद्रजीत कुमार को शुभकामनां दी गई है।

## सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर बरवाडीह प्रखंड कार्यालय का घेराव



लातेहार/बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह व संयुक्त ग्राम सभा मंच के बैनर तले सड़क बनाने, जल जंगल जमीन को लेकर पुराने ब्लॉक परिसर से अंबेडकर चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय तक रैली निकाली गई। इसके बाद प्रखण्ड कार्यालय के समक्ष ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक घेराव और प्रदर्शन किया। इसके बाद डीसी के नाम मांग पत्र सौप सूबे की सरकार से जल्द मांगों को पूरी करने की मांग की। पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि लात से लाभर नाका तक पगडंडी रोड है 'रोड नहीं बनने के कारण परेशानी होती है। बीमार पड़ने पर ग्रामीणों को इलाज के लिए आने - जाने में काफी परेशानी होती है। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम चुंगरु से लाभर नाका तक की सड़क ही नहीं बनी है। लाभर पुलिस पिकेट से टोंगारी पुलिस पिकेट तक पीएम ग्राम सड़क योजना सरकार के अन्तर्गत स्वीकृत कर दिया गया है। लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। वहीं, बरवाडीह प्रमुख सुशील कुमारी ने कहा कि रोड नहीं बनने से ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही है। अगर कारवाई नहीं हुई तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर जग सहाय सिंह आदि थे।

## ओबीसी मोर्चा की बैठक आयोजित



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला भाजपा कार्यालय में ओबीसी मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू ने की। बैठक में लोहरदगा जिला प्रभारी संजय कुमार चौरसिया व प्रदेश कार्य समिति सदस्य बलराम प्रसाद जायसवाल उपस्थित थे। बैठक में पिछड़ी जाति को झारखंड में 27 फीसदी आरक्षण नहीं मिलने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार पिछड़ी जाति के हितों के लिए कोई काम नहीं कर रही है। बैठक में निष्क्रिय मंडल कमेटियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया।

## छेड़छाड़ के आरोप में युवक गिरफ्तार

कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो थाना पुलिस द्वारा शनिवार को कैरो नयाटोली निवासी 20 वर्षीय शौयब खान को ग्रिफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। विदित हो कि करमा विसर्जन कर लौट रहे जुलूस में छेड़छाड़ को लेकर हुए विवाद के बाद छह नामजद युवकों पर मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें पहले ही वसीम खान नामक आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है। बाकि आरोपितों की धर पकड़ के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

## अज्ञात चोर ने बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात सहित नगदी पर किया हाथ साफ

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बदला ढोढहा टोली स्थित मकान से अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़ कर जेवरात सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए न्याय की अपील की है। तेतरी उरांव नामक पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि करमा पूजा मनाने को लेकर घर में ताला लगाकर वह मायके गई थी। दूसरे दिन पड़ोसी से सूचना मिला कि घर का ताला टूटा हुआ है। जब वो घर आकर देखी तो घर के बाहर का ताला एवं अंदर बक्से का ताला टूटा हुआ है। बक्से में से सोने की चेन, अंगूठी, गाड़ी की चाभी व कागजात समेत 15 से 20 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली गई है। इस घटना की जानकारी थाना प्रभारी को देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि पीडता तेतरी उरांव द्वारा चोरी घटना का सूचना प्राप्त होते ही थाना कांड संख्या 90/22 दर्ज कर यूएस 380 आईपीसी के तहत पुलिस जांच में जुट गई है.

## 48 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल वितरित

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी भवन में शनिवार को शिक्षा विभाग की ओर से समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के जांच के लिए शिविर सह सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज मिश्रा डॉ आकांक्षा समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान कुल 48 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर और वैशाखी समेत अन्य जरूरत के सामग्री का वितरण किया गया।

## 13 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय ने जीता ओवर ऑल खिताब

लातेहार (आजाद सिपाही)। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, पटना संभाग के तत्वावधान में आयोजित 13 वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में लातेहार जवाहर नवोदय विद्यालय ने ओवर ऑल का खिताब जीत लिया। जेएनवी लातेहार ने 10 स्वर्ण व एक रजत पुरस्कार जीता। इससे पहले दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन समारोह का शनिवार की शाम विद्यालय के सांस्कृतिक हॉल में आयोजित किया गया। मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ आरपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनायें दी।

# पलामू की धरती पर शास्त्रीय संगीत का आयोजन गौरव की बात : एसपी

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** स्थानीय देवरानी संगीत महाविद्यालय, रेडमा में भारतीय शास्त्रीय संगीत के मूर्धन्य गायक व पलामू संगीत जगत के स्तंभ माने जाने वाले ख्याल सम्राट स्वर्गीय पंडित रामरक्षा मिश्र की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्मरणउत्सव संगीत संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा,डीएसपी सुरजीत कुमार, एसडीओ राजेश शाह ,आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केंद्र डालटनगंज की कार्यक्रम प्रमुख मेरी क्लोडिया सोरेंग, प्रो.सुभाष चंद्र मिश्र,समाजसेवी बृजेश शुक्ला, अधिवक्ता किशोर पांडेय,लोक कला सांगीतिक मंच के अध्यक्ष शिशिर शुक्ला, दुर्गा जौहरी, गुरवीर सिंह एवं देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक पं. राजा राम मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं श्रोताओं के द्वारा स्वर्गीय पंडित मिश्र की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई। देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक पंडित राजा राम मिश्र और उनके पुत्र इस कार्यक्रम के आयोजक सूरज कुमार मिश्र ने पुष्पुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस वर्ष दस कलाकारों को शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने हेतु ₹ख्याल सम्राट पंडित राम रक्षा मिश्र मेमोरियल अवार्ड₹स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पंडित राम नरेश मिश्र तबला-उत्तर प्रदेश, पंडित विजय राम दास पखावज-अयोध्या,पंडित अनीश मिश्रा सारंगी-बनारस, इंद्रजीत दत्ता वायलिन रॉंची,रमेश पाठक गायन डालटनगंज,आनंद मोहन पाठक गायन-रॉंची, योगेश मिश्रा गायन-रेनुकूट,अनमोल पाठक तबला सोनभद्र, प्रणव कुमार मिश्र तबला-बोकारो, रवि तिवारी की बोर्ड रॉंची।



इस अवसर पर बाहर से आये हुए कलाकारों द्वारा चिरस्मरणीय संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं कि स्व पंडित रामरक्षा मिश्र संगीत क्षेत्र में डाल्टनगंज की एक संपूर्ण व्यक्तित्व थे और जिनकी प्रेरणा छांव में आज भी सैकड़ों कलाकार पुष्पित होकर अपनी सुरभि बिखेर रहे हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए आकाशवाणी डालटनगंज की प्रसिद्ध उदघोषिका शालिनी श्रीवास्तव ने पलामू प्रमंडल संगीत जगत के स्तंभ शास्त्रीय संगीतज्ञ स्व.राम रक्षा मिश्र के जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए प्रमंडल में इनके सांगीतिक योगदान की चर्चा की। शालिनी श्रीवास्तव को बेहतरीन मंच संचालन करने के लिए देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। संगीत संध्या आराधना कार्यक्रम के प्रारंभ में अयोध्या से पधारे देश के प्रसिद्ध पखावज वादक पंडित विजय राम दास ने ताल धमार में पखावज स्वतंत्र वादन प्रस्तुत किया। उनके साथ लहरा संगत बनारस से आये सारंगी वादक अनीश मिश्रा ने किया। इसके बाद गया घराना से ताल्लुक रखने वाले उत्तर प्रदेश से आये प्रसिद्द तबला वादक पंडित राम नरेश मिश्र ने तबला स्वतंत्र वादन पेश किया। हारमोनियम पर लहरा संगत रेणूकूट से आये युवा कलाकार योगेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति रॉंची दूरदर्शन के प्रोड्यूसर सह जाने माने गजल गायक आनंद मोहन पाठक के द्वारा एक से बढ़कर एक गजलों से हुई। इनके साथ तबला पर संगत बोकारो से आये प्रणव कुमार मिश्रा और की बोर्ड पर संगत रवि तिवारी ने किया। रॉंची के प्रसिद्ध वायलिन वादक इंद्रजीत दत्ता ने जब वायलिन स्वतंत्र वादन शुरू किया पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इनके साथ तबले पर संगत सोनभद्र से आये हुए अनमोल पाठक ने किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यक्रम के आयोजक और देवरानी संगीत महाविद्यालय के संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि स्व. पंडित राम रक्षा मिश्र की 27वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम को स्वरशिखर फेसबुक ऑफिसियल पेज पर भी प्रसारित किया जाएगा । इस अवसर पर श्याम लाल मिश्रा,अनुपमा तिवारी, जयश्री, प्रियंवदा, पंकज श्रीवास्तव,नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, राम श्याम बंधु, सुमन मिश्रा, विनोद उदयपुरी, प्रभात अग्रवाल, आशुतोष तिवारी, प्रियरंजन पाठक, पवन, भूपेश, कुलदीप सिंह नामधारी सहित सैकड़ों श्रोता और महाविद्यालय के विद्यार्थी और उनके अभिभावक, कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर प्रतिनिधियों ने किया दो सोलर जलमीनार का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के लोगो को सुलभ रूप से शुद्व पेयजल की समस्या के निदान के लिए कई वार्डों में जलमीनार का निर्माण किया गया है। इसी के तहत वार्ड एक के भुइयां टोली व वार्ड 12 के रविदास नगर में भगेसर राम के घर के समीप सौर ऊर्जा आधारित सबमर्सिबल मोटर पंप सहित बोरवेल के माध्यम से जलापूर्ति योजना का काम पूर्ण होने पर इसका उद्घाटन किया गया।इसका उद्घाटन नगर अध्यक्ष शशि कुमार ,नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद अखिलेश यादव व वार्ड पार्षद उमा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अब आमजनों के उपयोग के लिए जलमीनार को सौंप दिया गया है।मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि जलमीनार निर्माण होने से लोगों को सहूलियत होगी। पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जलमीनार के माध्यम से 24 घंटे पानी की सुविधा होगा। पूरे शहर में जनोपयोगी स्थान का चयन कर जलमीनार निर्माण का काम जारी है।निश्चित ही इससे पेयजल की किल्लत दूर होगी।उन्होंने कहा कि शहर वाशियों के प्राथमिकता के आधार पर पेयजल, सड़क समेत सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर पंचायत तत्परता से कार्य कर रही है। मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता रही है।प्राथमिकता के साथ शहर वाशियों के लिए पेयजल समस्या को दूर किया जा रहा है। मौके पर शिवकुमारी देवी,जयराम भुइयां, सीता भुइयां, भगेसर राम,प्रीत राम,अरुण कुमार,चंद्रिका राम,शिव चौधरी, शंभु राम सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## कोल्ड स्टोरेज निर्माण कार्य का विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व एनसीपी नेता मन्नान खान ने शनिवार को हुसैनाबाद के दंगवार के समीप 14 करोड़ की लागत से बन रहे कोल्ड स्टोरेज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिट्टी युक्त बालू छर्री लगाने का प्रमाण निर्माण स्थल पर मिला। इसके अलावा लोकल रड व सीमेंट लगाया गया है। जांच टीम ने बताया कि जिस लापरवाही से निर्माण कार्य चल रहा है। भवन को गिरने में भी समय नहीं लगेगा। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने बताया कि निर्माण स्थल पर इंजिनियर या संवेदक उपलब्ध नहीं थे। भवन निर्माण में तीन नंबर ईंटो का प्रयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि फर्स में घटिया ईंटों का टुकड़ा लाया जा रहा है। वहीं वायरिंग का पाइप लोकल कंपनियों का लगाया गया है। जांच के दौरान विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने विभागीय कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार झा से दूरभाष पर बात की। उन्होंने निर्माण में हो रही गड़बड़ी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कोल्ड स्टोरेज का निर्माण रोज नहीं होता है। कार्यपालक अभियंता ने जांच करने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि ने निर्माण स्थल से विधायक कमलेश कुमार सिंह को वीडियो कॉल कर स्थिति की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि संवेदक द्वारा घोर अनियमितता बरती गई है। वह इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए मुख्य मंत्री को लिखेंगे। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा की गई अनियमितता के खिलाफ आगामी विधानसभा के सत्र में उठाने का काम करेंगे। किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा। मालूम हो कि हुसैनाबाद के दंगवार के समीप कोल्ड स्टोरेज निर्माण भवन निर्माण निगम से 14 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य के संवेदक एसएनएम कंस्ट्रक्शन औरंगाबाद है।

## सीबीएसइ के रिजनल ऑफिसर ने संत मरियम स्कूल के प्राचार्य को किया सम्मानित

**सभी के परस्पर सहयोग और संयुक्त परिश्रम का फल है पुरस्कार : कुमार आदर्श**

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** रांची जोन के सभी सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल की एक संयुक्त बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। सभी ने स्कूलों को और बेहतर विकसित करने बच्चों के सर्वांगीण विकास, शिक्षकों की मूलभूत समस्या, स्कूल से संबंधित समस्याएं इत्यादि अनेक विषयों पर आपसी जानकारियों का आदान प्रदान किया। प्रिंसिपल की सामूहिक बैठक मे बेहतर कार्य करने वाले प्रिंसिपल को पुरस्कृत किया गया। इसी कड़ी में पलामू जिले अन्तर्गत मेदिनीनगर स्थित संत मरियम स्कूल




के प्रिंसिपल कुमार आदर्श को सीबीएसई पटना क्षेत्र के रीजनल ऑफिसर जगदीश वर्मन के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने के पश्चात संत मरियम स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श ने कहा यह सम्मान सभी शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। हम सभी ने कोरोना के कठिन दौर को पार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कायम रखा है और विश्वास है कि आने वाले समय में हम इसे और बेहतर करेंगे। बच्चों के सर्वांगीण विकास ही हमारे स्कूल का प्रमुख लक्ष्य है। विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न कलाओं में निपुण करते हुए उन्हें पारंगत बनाना विद्यालय प्रबंधन की सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। पुरस्कार प्राप्ति के बाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गईं है। पुरस्कृत होने के बाद विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के साथ सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उन्हें बधाई दिया।

### ग्रासिम इंडस्ट्रीज परिवार ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान महादान है इससे कई लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है : अजीत तिवारी

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला के व्यवसाई स्वास्थ्य केंद्र एवं ब्लड बैंक मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन एचआर हेड अजीत तिवारी एवं सीएमओ डॉ हरिप्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर श्री तिवारी एवं डॉ हरी प्रसाद के द्वारा रक्तदान करने का महत्व एवं शारीरिक लाभ को बताया गया। श्री तिवारी ने कहा कि रक्तदान महादान है,रक्तदान करने से कई गरीबों का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर को आगे आसपास के गांव में भी लगा कर ज्यादा से ज्यादा ब्लड इकट्ठा कर ब्लड बैंक को मुहैया कराने का काम किया जाएगा। पलामू जिले में वैसे भी सबसे कम रक्त ब्लड बैंक में रहता है जो गंभीर घटना की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान महादान कर लोगों के जीवन की रक्षा की जा सकती है। जिसमें हमारा संस्थान इस रक्तदान शिविर को ब्लड बैंक मेदिनीनगर के साथ संयुक्त तत्वावधान में समय समय पर आयोजित कर



रक्तदान कराकर ब्लड बैंक को मुहैया कराया जाता है। रक्तदान करने वालों में अमित माहेश्वरी, प्रणव पांडा, इनरह्वील सदस्य रंजना सिंह, पूनम तोमर सहित 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं इनरव्हील क्लब की महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में सभी रक्त दाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप मोमेंटो भी दिया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्षा मंडल मंजू गुप्ता भी मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया इस अवसर पर रंजीत नायक, डॉ अरविंद शर्मा,डां सुरेन्द्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद मिडिल स्कूल परिसर में बच्चों के बीच विभिन्न तरह के प्रश्नों की प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन मौजूद थे। इस विद्यालय में बच्चों के बहुप्रतीक्षित साप्ताहिक विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वर्ग आठ में तीन चक्रों के प्रतियोगिता लड़कों एवं लड़कियों के बीच आयोजित की गयी थी। कांटे के संघर्ष में लड़कों ने बाजी मारी। प्रश्न विज्ञान, अंग्रेजी , हिन्दी व्याकरण,सामान्य अध्ययन व करेंटअफेयर्स पर भी आधारित था।इस प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीस सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन ने कहा कि बच्चों की तैयारी काफी अच्छी है,ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। प्रत्येक सप्ताह इस तरह के आयोजन से शैक्षणिक माहौल बनता है।इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार को साधुवाद दिया। विद्यालय के एचएम यूपी सिंह ने कहा कि सामान्य ज्ञान की जानकारी भविष्य में होने वाली परीक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा।धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षक कन्हैया प्रसाद ने दी। प्रश्नकर्ता शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, स्कोर बोर्ड पर शिक्षिका सुषमा पांडेय,व विद्यार्थी फैसल अहमद था, कभी कभी बाल संसद के प्रधानमंत्री अमरेश कुमार भी कमान संभाल हुए था। वर्ग आठ में लड़कों में अमरेश कुमार,अमर कुमार पटेल, समीर कुमार, श्याम कुमार, मनोरंजन पासवान एवं लड़कियों में सानिया खातून, खुश्बू कुमारी, शालिनी कुमारी,मधु कुमारी, मुस्कान कुमारी सहित अन्य लड़कियां भी मुखर थीं।

## स्वर्गीय तारा देवी की पुण्यतिथि पर लोगों का किया गया मुफ्त इलाज

**छतरपुर/पलामू( आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ गाँव में विजय तारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय विजय बहादुर सिंह की पत्नी स्वर्गीय तारा देवी की तीसरी पुण्यतिथि निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक राजेंद्र कुमार सिंह ,राजेश कुमार सिंह , रविशंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी ने बताया कि माता जी की पुण्यतिथि पर पहले की भांति इस बार के पुण्यतिथि पर भी निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ट्रस्ट के द्वारा किया गया है। इस शिविर में आए लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए ट्रस्ट के कई स्वयंसेवक सहायता में लगे हुए थे। कार्यक्रम में पहले स्वर्गीय तारा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों ने सभी ओपीडी का भ्रमण किया । कार्यक्रम की सुरुवात छतरपुर एसडीओ नरेंद्र गुप्ता, एसडीपीओ अजय कुमार, पलामू के पूर्व सांसद मनोज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया



गया। एसडीओ नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन करना काबिले तारीफ है। जो लोग पैसे के अभाव में बाहर इलाज नहीं करा सकते उनके लिए यह शिविर वर्दान साबित होगा। इस शिविर में सभी लोगों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है तथा चिकित्सकों के लिए भी विशेष तौर पर ओपीडी बनाये गए थे जहाँ पर बिलकुल शांतिपूर्वक इलाज किया जा रहा था। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने भी इस आयोजन का काफी तारीफ करते हुए कहा किऐसे गांव में इतना बड़ा आयोजन और इतने चिकित्सकों की टीम अपने आप में बहुत मायने रखती है। चिकित्सकों द्वारा बिलकुल निःस्वार्थ भाव से सेवा देखकर मन काफी प्रसन्न हुआ। वही स्वेच्छापूर्वक तिलक सिंह,पत्रकार मुना पाठक ,मित्तल सिंह ,पप्पू यादव सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉ अनुपम कुमार सिंह, डॉ राकेश कुमार, डॉ शौकत इरफान, डॉ अनुराग, डॉ पूजा सिंह, डॉ रेशमी ने अपनी सेवा लोगों को दी । निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हजारों लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा कर जाँच करवाया एवं ट्रस्ट के द्वारा मुफ्त में दवा लिया। रोगियों को दवाई के साथ-साथ पौधों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन तिलक सिंह ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह उर्फ राजन बाबू, रवि शंकर कुमार सिंह उर्फ बबुआ जी, राजेश सिंह बाबू, विनोद सिंह, पप्पू सिंह, छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ,नौडीहा बाजार थाना प्रभारी रंजीत यादव,अंजनी सिंह, सोनू सिंह, रंजीत सिंह, विजय राम, राहिल राज, शोलडी, सोनू, गुंजन,आदि लोग शामिल थे।

## शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं : अमलेश ठाकुर

**पांकी/पलामू( आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के नवडीहा पंचायत के मंगलपुर गांव के दुर्गा मंडप के परिसर में राष्ट्रीय नाई महासभा का बैठक की गई। इस बैठक का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा हुई की समाज में शिक्षा के कमी दूर किया जाय और नाई समाज में यह भी चर्चा हुई की नाई समाज में दहेज नहीं लेने है और दहेज नही देने के बारे में विचार विमर्श किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार व मजबूती पर चर्चा किया गया। मौके पर नाई समाज के लोगों को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर ने कहा कि नाई समाज के लोग जागरूक बनें। अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और शिक्षित बने। बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है। नाई समाज से कुरीतियां समाप्त होनी चाहिए। नाई



समाज अपने इतिहास को जाने और उस पर चलने का संकल्प लें। राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली बनने की जगह समाज में अलग अलख जगाते हुए सामाजिक सरोकारों को निभाएं तथा खुद जागरूक बनते हुए अपने आने वाली पीढ़ी को भी जागरूकता का मंत्र दें। मौके पर नाई समाज के प्रखंड सचिव संजय ठाकुर, सुनील ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, पंकज ठाकुर,भोला ठाकुर,सुधीर ठाकुर,अंगद ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, रामअवतार ठाकुर, श्यामसुंदर ठाकुर संतोष ठाकुर सहित कई नाई समाज के सदस्य मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



**धोनी और युवराज दोनों खिलाड़ी फिनिशर के साथ-साथ मल्टी-टैलेंटेड भी थे**

## टीम इंडिया को चाहिए धोनी-युवराज जैसे खिलाड़ी

### दोनों की पावर हिटिंग की दुनिया थी कायल, जानिए 3 कारण क्यों खल रही आज उनकी कमी

**दुबई।** 13 फरवरी 2006 का दिन। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 50 ओवर में 288 रन बना दिए। शोएब मलिक ने शानदार 108 रनों की पारी खेली। जवाब में टीम इंडिया के 5 विकेट 190 रन तक गिर गए। भारतीय फैंस की उम्मीदों को तब करारा झटका लगा जब सचिन तेंदुलकर 95 रन बनाकर आउट हो गए। उनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर पाया था। ऐसा लगा टीम इंडिया ये मुकाबला हार जाएगी, लेकिन उस दिन भारत के दो ऐसे




सुपरस्टार्स का उदय हुआ, जिन्होंने आने वाले दिनों में भारत को अनगिनत मैचों में जीत दिलाई। ये खिलाड़ी थे महेंद्र सिंह धोनी और युवराज सिंह। दोनों के बीच 102 रन की साझेदारी हुई और भारत ने 47.4 ओवर में 292 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। धोनी ने सिर्फ 46 बॉल पर 72 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं, युवराज के बल्ले से 79 रन निकले। ये दोनों खिलाड़ी फिनिशर के साथ-साथ मल्टी-टैलेंटेड भी थे। इन दोनों के संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया बड़े टूनामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 2013 के बाद हम कोई क्कउ ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद एशिया कप से भी टीम इंडिया बाहर हो गई है। अगर हमें अक्टूबर में वर्ल्ड कप जीतना है तो ऐसे ही खिलाड़ियों की जरूरत है।

## राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 36वें राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे, हालांकि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने देश के प्रतिष्ठित एथलीटों का इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक गुजरात के छह शहरों में होना है। नीरज को अगले साल आने वाली कठिन चुनौतियों के लिए आराम करना महत्वपूर्ण है। वर्तमान सीजन में नीरज ने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीता प्रतिष्ठित डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीता है। नीरज ने कहा, ह्लवर्ष की शुरूआत में मेरे कार्यक्रम के अनुसार, डायमंड लीग सीजन की मेरी आखिरी प्रतियोगिता थी। मैं इस समय के आसपास एशियाई खेलों में भाग लेता लेकिन वह स्थगित कर दिया गया। हम पहले से ही इसके बारे में जानते थे, इसलिए मेरा सीजन ज्यूरिख इवेंट के साथ समाप्त हुआ। हाल ही में राष्ट्रीय खेलों की तारीखों की घोषणा की गई थी। मैंने अपने कोच (डॉ क्लॉस बार्टोनिएट्स)




से सलाह ली है और उन्होंने मुझे आराम करने और अगले साल महत्वपूर्ण सत्र के लिए तैयारी करने की सलाह दी है, जिसमें विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेल शामिल हैं। नीरज ने कहा, ₹मैं अभी-अभी कमर की चोट से उबरा हूं। अगर मैं प्रशिक्षण लेता हूं और प्रतिस्पर्धा करता हूं, तो यह जोखिम भरा हो सकता है। मेरे चाचा और दोस्त भारत से यात्रा कर चुके हैं और यहां ज्यूरिख में हैं। इसलिए, मैं लौटने से पहले एक या दो सप्ताह के लिए उनके साथ छुट्टियां मनाऊंगा। उसके बाद, मैं अपना पुनर्वास कार्यक्रम शुरू करने के लिए घर वापस आऊंगा।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# पद्मविभूषण प्रो बीबी लाल का निधन


## पीएम मोदी ने जताया शोक : सबसे पहले दिया था अयोध्या में राम मंदिर का पुरातात्विक प्रमाण

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** भारत के प्रख्यात आर्कियोलॉजिस्ट पद्मविभूषण प्रोफेसर बीबी लाल के निधन से काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पुराविद काफी स्तब्ध हैं। उनकी उम्र 101 साल की थी। वह बहुत दिनों से बीमार चल रहे थे। शनिवार को उन्होंने दिल्ली स्थित एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। इनका जन्म झांसी जिला के बैडोरा गांव में दो मई 1921 को हुआ था। उन्होंने भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान, शिमला के निदेशक के रूप में सेवा शुरू की।

पीएम मोदी नरेंद्र ने पद्मविभूषण प्रोफेसर बीबी लाल के निधन पर शोक जताया है। पीएम ने ट्वीट किया, 'बीबी लाल एक उत्कृष्ट व्यक्तित्व थे। संस्कृति और पुरातत्व में उनका योगदान अद्वितीय है। उन्हें एक महान बुद्धिजीवी के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने हमारे समृद्ध अतीत के साथ हमारे जुड़ाव को गहरा किया। उनके निधन से आहत हूं। मेरे विचार उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।' इसके अलावा आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व एडिशनल डायरेक्टर जनरल, वाराणसी के बीआर मणि, बीएचयू के पुराविद प्रोफेसर अशोक सिंह और प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, जीन वैज्ञानिक प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे और राखीगढ़ी उत्खनन के हेड प्रो वसंत शिंदे ने दुख जताया है। कहा कि प्रोफेसर लाल ऑर्कियोलॉजी के भीष्म पितामह थे। आज बीएचयू उनका ऋणि है, वो हमारे गुरु हैं। आज अयोध्या में राम मंदिर तेजी से तैयार हो रहा है। मंदिर वहां पर क्यों बने, इसका आधार तैयार करने में प्रो लाल की भूमिका काफी बड़ी है।

### 101 साल की उम्र में ली आखिरी सांस




### 21 साल बाद मिला 'पद्मविभूषण'

जन्म 2 मई, 1921, झांसी, बाद में दिल्ली शिफ्ट हो गये।
2000 में उन्हें पद्मभूषण और 2021 में पद्मविभूषण से नवाजे गये।
सिंधु घाटी, कालीबंगन, महाभारत और रामायण साइट पर उन्होंने काफी रिसर्च और सर्वे किया।
इन पर 20 किताबें और 150 से ज्यादा रिसर्च पेपर पब्लिश हुई है।
1968 से 72 तक भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण विभाग के डायरेक्टर रहे।
यूनेस्को की समितियों में भी शामिल रहे हैं।

### 1970 में अयोध्या की खुदाई कराया था

प्रो बीबी लाल के शिष्य प्रो अशोक सिंह ने कहा कि बीएचयू के पुराविद प्रोफेसर एके नारायण ने 60 के दशक में पहली बार अयोध्या में पुरातात्विक उत्खनन का काम शुरू कराया। बीएचयू के इस प्रोजेक्ट को किसी वजह से आगे नहीं बढ़ा सका, तो उन्होंने खुदाई का काम अपने हाथ में लिया। जब वहां से प्राचीन वस्तुएं मिलीं, तो उन्होंने बीएचयू को पुरातात्विक वस्तुओं के बारे जानकारी दी थी। इसी पुरातात्विक साक्ष्य के आधार पर कोर्ट में यह सिद्ध हो सका कि अयोध्या में मंदिर था।

# सीएम नवीन पटनायक ने जूनियर महिला विश्व कप के 'लोगो' का किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जूनियर महिला विश्व कप लोगो का अनावरण किया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर कलिंग स्टेडियम में लोगो का अनावरण किया। इसके लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक अंडर-17 महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप के मैच भुवनेश्वर, कोलकाता और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। उद्घाटन मैच 11 अक्टूबर को कलिंग स्टेडियम में खेला जायेगा। बाद में 14 और 17 तारीख को कलिंग स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप का मैच होगा। दर्शक स्टेडियम में बैठ कर मैच देख सकते हैं। टिकट इस महीने के अंत में बिक्री किया जायेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को कलिंग स्टेडियम में जूनियर महिला विश्व कप के लोगो का अनावरण किया।

# 80 प्रतिशत आत्महत्याओं को रोका जा सकता है : डॉक्टर सुरजीत साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आत्महत्या करने वाले लगभग 80 प्रतिशत लोग अत्यधिक निर्णय लेने से पहले चेतावनी के संकेत देते हैं, लेकिन त्वरित कार्रवाई से ऐसी मौतों को रोका जा सकता है। ज्यादातर किशोर, आत्महत्या करने से पहले, अपनी मानसिक स्थिति के बारे में संकेत छोड़ देते हैं, जिसे ज्यादातर परिवार के सदस्यों, सहकर्मियों, शिक्षकों या दोस्तों द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। प्रो (डॉ) सुरजीत साहू मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख संस्थान में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा विज्ञान और सम अस्पताल ने यह बातें कहीं।

कार्यक्रम का आयोजन सम नर्सिंग कॉलेज के मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग, सोआ के नर्सिंग संकाय द्वारा किया गया था। प्रो साहू ने इन आत्महत्याओं को रोकने योग्य बताते हुए कहा कि चेतावनी के संकेतों की पहचान करना और व्यक्ति को चरम कदम उठाने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जब कोई लंबे समय तक आसपास न रहने, या किसी दोस्त को अलविदा कहने या दोस्तों और रिश्तेदारों को सामान देने के संकेत देते ही, तो इसे गंभीरता से देखा जाना चाहिए और त्रासदी से बचने के लिए समय पर कार्रवाई की जानी चाहिए। आत्महत्या की भविष्यवाणी करना आसान है, लेकिन ऐसे संकेतों को पहचाना जा सकता है यदि परिवार, दोस्तों और समाज में बड़े पैमाने पर व्यक्ति की मदद करने की सहानुभूति हो। उन्होंने कहा कि 35 फीसदी आत्महत्याएं पारिवारिक समस्याओं और विवादों से जुड़ी हैं।

# बीएसएफ ने 1.26 करोड़ के 21 सोने के बिस्कुट जब्त किये

> बांग्लादेश से दवा की बोतल में छिपाकर भारत में की जा रही थी सोने की तस्करी
>
> बीएसएफ द्वारा रोके जाने पर भाग निकला तस्कर

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 68वीं वाहिनी के जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर तस्करी को नाकाम करते हुए 21 सोने के बिस्कुटों को जब्त किया है, जिसका वजन 2.450 किलोग्राम है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एक पुख्ता सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाकर कृष्णानगर सेक्टर अंतर्गत बीएसएफ की सीमा चौकी मामाभागीना इलाके से जवानों ने शुक्रवार को इसे जब्त किया। हालांकि तस्कर भाग निकला। सोने को दवा की बोतल में छिपाकर बांग्लादेश से भारत में तस्करी की जा रही थी। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय ने एक बयान में बताया कि जब्त सोने का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक है। बयान के अनुसार, शाम के समय एक स्थानीय नागरिक अलीम सरदार एक बाल्टी (जिसमें बैगन और दवा की एक प्लास्टिक की बोतल थी) लेकर तारबंदी के आगे खेत से लौट रहा था। शक होने पर गेट ड्यूटी पर तैनात जवानों ने उसे तलाशी के लिए रोका। जब जवान बाल्टी और दवा बोतल की तलाशी ले रहे थे, पकड़े जाने के खतरे को भांपते हुए अलीम वहां से भारत की तरफ भाग निकलने में सफल रहा। तलाशी में दवा की बोतल के अंदर छिपाए हुए 21 सोने के बिस्कुट मिले। जब्त सोने को बीएसएफ ने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय बगदाह को सौंप दिया है।

### तीन दिनों में सोने की दूसरी बड़ी खेप जब्त

गौरतलब है कि तीन दिनों के भीतर बीएसफ की 68वीं वाहिनी ने सोने की दूसरी बड़ी खेप पकड़ी है। इससे पहले सात सितंबर को भी इसी सीमा चौकी इलाके से जवानों ने स्प्रे मशीन में छिपाकर की जा रही तस्करी को नाकाम करते हुए 2.216 किलोग्राम वजन के 19 सोने के बिस्कुट जब्त किए थे। इसकी कीमत एक करोड़ 14 लाख रुपये आंकी गई थी। इधर, इस सफलता पर 68वीं वाहिनी के कमांडिंग आफिसर योगेन्द्र अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने जवानों की पीठ थपथपाई। उन्होंने बताया कि भारत- बांग्लादेश सीमा पर तस्कर दिन प्रतिदिन नए तरीके से तस्करी करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हमारे जवानों की सतर्कता के कारण उनके मंसूबे सफल नहीं हो पाते।

# दिल्ली में लंपी वायरस के अब तक 173 केस मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आसपास के राज्यों के बाद अब दिल्ली में पहली बार लंपी वायरस के केस सामने आए हैं। पशुपालन विभाग के मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को बताया कि मवेशियों में इस बीमारी के 173 मामलों की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा केस राजधानी के दक्षिण और पश्चिमी इलाकों से हैं।

एक सीनियर अधिकारी ने ठउळश को बताया कि दिल्ली में लंपी वायरस का पहला केस 10 दिन पहले मिला था। हालांकि, इससे अब तक एक भी पशु की मौत नहीं हुई है। वहीं, राय के मुताबिक गोयला डेयरी क्षेत्र में लंपी वायरस के 45 मामले, रेवला खानपुर क्षेत्र में 40, घुमानहेड़ा में 21 और नजफगढ़ में 16 मामले सामने आए हैं।

दिल्ली सरकार ने कुछ अहम निर्णय लिए हैं। फिलहाल संक्रमित पशुओं को आइसोलेट किया जा रहा है। इसके अलावा मवेशियों के इलाज के लिए दो मोबाइल वेटरनरी क्लीनिक मंगाए गए हैं। साथ ही 11 रेपिड रिस्पॉन्स टीम तैयार की हैं। इन टीमों से संपर्क किए जाने पर तुरंत सहायता मिलेगी। ग्रामीण इलाकों के लिए 4 टीमें तैयार की गई हैं, जो लोगों को जागरूक करने का काम करेंगी।

बीमारी से जुड़ी मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 8287848586 पर कॉन्टैक्ट कर सकते हैं। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रेवला खानपुर में लंपी त्वचा रोग से पीड़ित मवेशियों के लिए एक आइसोलेशन वॉर्ड भी बनाया गया है। यहां 4,500 पशुओं को रखा जा सकता है। फिलहाल 40 गायों को शिफ्ट किया गया है।



**देश में लंपी वायरस से 57 हजार मौतें :** लंपी वायरस से देश में अब तक 57 हजार मवेशियों की मौत हो चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा करीब 37 हजार मौतें राजस्थान में हुई हैं। यह बीमारी राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरयाणा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और दिल्ली में फैल चुकी है। इसके लिए केंद्र सरकार पशुओं को गोट पॉक्स वैक्सीन लगवा रही है।

**क्या है लंपी त्वचा रोग:** लंपी त्वचा रोग गायों-भैंसों जैसे मवेशियों में कैप्रिपॉक्स नाम के वायरस से फैलने वाली बीमारी है। ये बहुत तेजी से एक पशु से दूसरे पशु में फैलती है। यह वायरस बकरियों में होने वाले गोट पॉक्स और भेड़ों में होने वाले शीप पॉक्स जैसी वायरल इंफेक्शन के लिए जिम्मेदार वायरस जैसा ही है।

# किंग चार्ल्स ब्रिटेन के नये सम्राट बने

> 73 साल की उम्र में यह जिम्मेदारी संभाली
>
> 1969 में चार्ल्स ने प्रिंस ऑफ वेल्स का ताज पहना था

एजेंसी



**लंदन।** किंग चार्ल्स-III शनिवार को आधिकारिक तौर पर ब्रिटेन के नये सम्राट बन गये हैं। सेंट जेम्स पैलेस में प्रिवी काउंसिल की बैठक में इसका ऐलान किया गया। अब उन्हें किंग चार्ल्स-क्क्क कहकर बुलाया जायेगा। चार्ल्स को अपने पिता की उपाधि ड्यूक ऑफ कॉर्नवाल विरासत में मिली है। ऐसे में उनकी पत्नी कैमिला, अब डचेस ऑफ कॉर्नवाल कहलायेंगी।

प्रिवी काउंसिल में वरिष्ठ सांसद, सीनियर सिविल सर्वेंट्स, कॉमनवेल्थ हाई कमिश्नर और लंदन के लॉर्ड मेयर शामिल होते हैं। सामान्य तौर पर 700 से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल होते हैं, लेकिन इस बार इतनी संख्या की गुंजाइश नहीं दिखी, क्योंकि शॉर्ट नोटिस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किंग चार्ल्स ने कहा- मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरा करने के लिए मैं समर्पित करता हूं।

**नये किंग की खूबियां गिनायी गयीं :** इस कार्यक्रम में सबसे पहले प्रिवी काउंसिल के लॉर्ड प्रेसिडेंट पेनी मोर्डंट ने एलिजाबेथ-क्क के निधन की घोषणा की। इसके बाद कई प्रेयर्स हुईं, महारानी की उपलब्धियां बतायी गयीं। साथ ही नये किंग की खूबियों को भी गिनाया गया।

घोषणा पत्र पर प्रधानमंत्री, कैंटरबरी के आर्कबिशप और लॉर्ड चांसलर सहित कई सीनियर ऑफिसर ने साइन किए। इसी कार्यक्रम में यह भी तय किया गया कि नए किंग के सत्ता संभालने के बाद क्या कुछ बदलाव किये जायेंगे। आखिर में शाही परंपरा के मुताबिक, औपचारिक रूप से चार्ल्स को ताज पहनाया जायेगा। ये कोरोनेशन सेरेमनी किस दिन होगी, इसकी घोषणा नहीं की गयी है।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**